मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 42 ■ अंक : 250 ■ शुक्रवार, 27 दिसंबर 2024 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now /ulhasvikas संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, L.LB.) Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com



पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

नई पीढ़ी कॉन्फिडेंस के साथ काम करती है : अतुल कुलकर्णी

# किणीकर मामले पर हमारी नजर : शिंदे

- पूर्व मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की मामले पर नजर
- उप मुख्यमंत्री ने कहा ये एक गंभीर मामला
- शिवसेना नेता अरविंद व राजू वालेकर को समन

▶▶ यूसुफ शेख



विधायक बालाजी किणीकर

### उप मुख्यमंत्री का बयान



किणीकर की हत्या की साजिश बेनकाब हो जाने पर उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने दिल्ली में अपने बयान में कहा है कि ये एक गंभीर मामला है और मैं स्वत: इस पर ध्यान रखे हुए हूं. एकनाथ शिंदे ने दिल्ली में प्रधानमंत्री मोदी से सदिच्छा भेंट करके पत्रकारों द्वारा किणीकर हत्या साजिश पर प्रश्न का उत्तर उन्होंने दिया है.



राजू वालेकर



अरविंद वालेकर

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ के विधायक डॉ. बालाजी किणीकर की हत्या करने के लिए उनकी रेकी 12 दिनों से की जा रही थी. ठाणे क्राइम डीसीपी ने विधायक किणीकर को ये बात बताया है. किणीकर ने बताया कि उनके एक कार्यकर्ता को उनकी हत्या करने की खबर मिलने पर वह और कार्यकर्ता ठाणे पुलिस आयुक्त के पास गए. ठाणे क्राइम डीसीपी ने कार्यकर्ता का बयान दर्ज करने के बाद तुरंत कार्रवाई करते हुए दो को हिरासत में लिया है.

डीसीपी जाधव ने किणीकर को बताया कि उनके पास ये जानकारी थी कि गत 12 दिनों से उनकी रेकी की जा रही थी. हत्या के प्लान बनाए जा रहे थे. इस संबंध में शिवसेना के पूर्व शहर प्रमुख एवं पूर्व नगराध्यक्ष अरविंद वालेकर, पूर्व उप नगराध्यक्ष राजेश वालेकर को ठाणे क्राइम ब्रांच ने समन्स भेजा है. वालेकर परिवार में भी 26 दिसंबर को विवाह समारोह है. दोनों ने कुछ दिनों की मोहलत पुलिस से मांगी है.

विदित हो कि किणीकर और वालेकर में गत कई महिने से आपसी विवाद भी चल रहा है. विधानसभा चुनाव में ये विवाद और बढ़ गया था. शूटर को सुपारी किसने दी है. इसकी जांच पुलिस कर रही है. किणीकर लातूर में शादी समारोह में हैं. इस गंभीर मसले को लेकर पुलिस भी सतर्क हो गई है और कुछ लोगों को पूछताछ करने के लिए पुलिस ने हिरासत में लिया है. किणीकर ने कहा है कि वह दो दिनों के भीतर अंबरनाथ में पत्रकार परिषद लेकर अधिक खुलासा करेंगे. 30 दिसंबर को अंबरनाथ बंद का आह्वान किया जा सकता है. किणीकर ने ये भी कहा है कि 12 से 15 लोगों ने उनकी त्या का प्लान बनाया था.

# नाबालिग के हत्यारे को अदालत में किया पेश



- 2 जनवरी तक पुलिस हिरासत में

**कल्याण.** चक्कीनाका इलाके से एक नाबालिग लड़की का अपहरण कर उसकी हत्या करने वाले आपराधिक पृष्ठभूमि के विशाल गवली को ठाणे क्राइम ब्रांच की टीम ने गुरुवार सुबह कल्याण जिला एवं सत्र न्यायालय में पेश किया। कोर्ट ने विशाल को 2 जनवरी तक पुलिस हिरासत में रखने का आदेश दिया. विशाल की पत्नी साक्षीला को भी 2 जनवरी तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। कल्याण जिला एवं सत्र न्यायालय के न्यायाधीश वी. ए. पत्रावले के समक्ष विशाल और उसकी पत्नी साक्षी को पुलिस ने गुरुवार सुबह पेश किया। इस समय, अदालत ने इस अपराध की प्रकृति को देखते हुए विशाल और साक्षी गवली को 2 जनवरी तक पुलिस हिरासत में रखने का आदेश दिया।

ठाणे पुलिस आयुक्त आशुतोष डुंबरे, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त संजय जाधव, उपायुक्त अतुल झेंडे ने तुरंत मामले की जांच शुरू की और विशाल गवली को गिरफ्तार करने के लिए छह पुलिस टीमों को सौंपा। विशाल के फरार होने के बाद पुलिस ने विशाल के बारे में पूछताछ करने के लिए विशाल की पत्नी साक्षी और विशाल के दस अन्य रिश्तेदारों को हिरासत में लिया। इसमें पत्नी साक्षी ने पुलिस को बताया कि विशाल बुलढाणा गया है.

कल्याण पुलिस ने तुरंत इसकी जानकारी बुलढाणा के शेगांव पुलिस को दी. शेगांव पुलिस ने कपड़े बदल कर भागने की कोशिश कर रहे विशाल गवली को नाई की दुकान से गिरफ्तार कर लिया. ठाणे क्राइम ब्रांच की टीम ने बुधवार रात उसे अपने कब्जे में ले लिया। शेगांव पुलिस से विशाल को कब्जे में लेने के बाद क्राइम ब्रांच पुलिस तुरंत कल्याण की ओर रवाना हो गई.

### सुरक्षा के मद्देनजर ठाणे में रखा गया

पुलिस को लगा कि अगर विशाल गवली को कल्याण के किसी थाने की हिरासत में रखा गया तो हंगामा हो सकता है. सुरक्षा उपाय के तौर पर विशाल को गुरुवार सुबह ठाणे के नौपाड़ा पुलिस स्टेशन की हिरासत में रखा गया।

# ठाणे से नासिक, पुणे तक का सफर होगा सुगम



- वडपे हाईवे का काम अंतिम चरण में

**ठाणे.** माजीवाडा ब्रिज से शुरू होने वाला ठाणे-वडपे राजमार्ग जल्द ही पूरा होने के संकेत दे रहा है. ठाणे वडपे की दूरी 22 किमी है. 13 किमी सड़क चौड़ीकरण का काम दिन-रात चल रहा है.

माजीवाड़ा से साकेत ब्रिज तक चौड़ीकरण का काम अंतिम चरण में पहुंच गया है. अगले दस-पंद्रह दिनों में यह नासिक जाने वालों के लिए यातायात के लिए खुला रहेगा. इसलिए, मुंबई, अहमदाबाद, नवी मुंबई से माजीवाड़ा होते हुए नासिक तक के मार्ग की बाधा दूर हो जाएगी.

ठाणे-वडपे हाईवे का चौड़ीकरण का काम पिछले दो साल से चल रहा है. यह दोतरफा 12 लेन का राजमार्ग है. इसमें दोनों तरफ दो-दो लेन की सर्विस रोड शामिल है. इनमें से नासिक की ओर जाने वाली लेन का काम तेजी से चल रहा है. मजीवाड़ा से साकेत ब्रिज के बीच सड़क का दो-परत सीमेंट कंक्रीट का काम पूरा हो गया है. लोढ़ा कॉम्प्लेक्स के पास सड़क के नीचे बड़े सीवर का काम भी पूरा हो चुका है. इससे नासिक का आवागमन जारी है. इस बीच, उसी मार्ग पर एक और दो-स्तरीय कंक्रीटिंग कार्य शुरू किया गया है. ये काम भी दिन-रात चल रहा है. रचना कंस्ट्रक्शन कंपनी की ओर से कहा गया है कि अगले दस-पंद्रह दिनों में यह काम हो जायेगा. तो, ठाणे से वडपे के बीच इस मार्ग का काम 70 प्रतिशत पूरा हो गया है. इस मार्ग से नासिक जाने वाला यातायात चल रहा है. इस काम को करने के लिए 400 से ज्यादा मैनपावर को लगाया गया है.

### खारेगांव टोल प्लाजा पूरी तरह से ध्वस्त

खारेगांव टोल प्लाजा पूरी तरह से ध्वस्त हो गया है. इस स्थान पर फोरलेन सड़क का चौड़ीकरण किया गया है. यहां से पुणे तक एक अलग सड़क बनाई गई है. चूंकि उस सड़क का 300 मीटर का कंक्रीटिंग पूरा हो चुका है. इसलिए इसे पुणे जाने वाले यातायात के लिए खोल दिया गया है. खारेगांव टोल बूथ से यह मार्ग मुंब्रा बायपास होते हुए पुणे तक जाता है. नासिक की ओर जाने वाली सड़क का काम पूरा होने के बाद नासिक से ठाणे तक आने वाली सड़क का कंक्रीटिंग और चौड़ीकरण का काम शुरू किया जाएगा.

# कल्याण कोर्ट में ड्यूटी पर लापरवाही बरतने वाले 11 पुलिसकर्मी निलंबित





**कल्याण.** शनिवार दोपहर में कल्याण जिला एवं सत्र न्यायालय, कल्याण के अतिरिक्त एवं सत्र न्यायाधीश आर. जी. वाघमारे की ओर अदालती कार्यवाही के दौरान अदालत में आरोपी ने मामूली वजह से अपनी चप्पल फेंकी थी. साथ ही, अदालत परिसर में एक बंदूकधारी निजी सुरक्षा गार्ड के घूमने का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था. इन दोनों मामलों को गंभीरता से लेते हुए, पुलिस उपायुक्त अतुल झेंड़े ने गुरुवार को न्यायिक ड्यूटी पर तैनात 11 पुलिसकर्मियों को ड्यूटी में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए सेवा से निलंबित कर दिया। इसमें एक पुलिस अधिकारी भी शामिल है. इस घटना से पुलिस बल में हड़कंप मच गया है. इन दोनों घटनाओं को लेकर महात्मा फुले पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है.

शनिवार दोपहर में एक आरोपी ने अपने पैरों से चप्पल उतारी और इसे जज वाघमारे की ओर फेंक दिया। जज के सामने लकड़ी के मंच के बगल में बैठे एक स्टाफ सदस्य के सामने चप्पल गिरी। सवाल उठ रहा था कि चप्पल फेंकने की घटना के बाद आरोपी के साथ मौजूद पुलिसकर्मी क्या कर रहे थे.

एक अन्य अदालती मामले में, एक बंदूकधारी निजी सुरक्षा गार्ड का अदालती काम के लिए परिसर में आए एक व्यक्ति के साथ चलने का वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया गया था। वकीलों की ओर से सवाल उठाए जा रहे थे कि जब कोर्ट परिसर में हथियार ले जाने पर प्रतिबंध है तो बंदूकधारी कोर्ट परिसर में कैसे घुस गया. इस मामले में केस भी दर्ज किया गया था. इन दोनों मामलों की जांच उपायुक्त झेंड़े के आदेश पर की गई थी. उपायुक्त झेंड़े ने गुरुवार को कुल 11 पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया क्योंकि यह स्पष्ट हो गया कि न्यायिक ड्यूटी पर तैनात पुलिस अपने कर्तव्यों में लापरवाही बरत रही थी।

# बकायेदारों को संपत्ति कर जमा करने का आह्वान





**उल्हासनगर.** उल्हासनगर महानगरपालिका क्षेत्र में बड़े बकायादारों के खिलाफ संपत्ति कर विभाग द्वारा कर वसूली अभियान चलाया जा रहा है. जिसके तहत वारंट नोटिस, जब्ती और गिरफ्तारी, नलों को काटना और ढोल-ताशा बजाकर जन जागरूकता की जा रही है। तदनुसार 26 दिसंबर को प्रभाग क्रमांक 1 से 4 तक के बड़े बकाएदारों को, जिन्होंने अभी तक संपत्ति कर का भुगतान नहीं किया है, उन्हें समय पर वारंट एवं नोटिस दिया गया तथा ढोल बजवाकर उनके अतिदेय भुगतान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

उक्त कार्रवाई मनपा आयुक्त एवं प्रशासक विकास ढाकने के आदेशानुसार एवं अपर आयुक्त जमीर लेंगरेकर के मार्गदर्शन में कर निर्धारण एवं कलेक्टर नीलम कदम, उप कर निर्धारणकर्ता एवं संकलक सचिन वानखेड़े, मनोज गोकलानी एवं कर निरीक्षक एवं समस्त कर्मचारियों के माध्यम से किया गया।

मनपा कर विभाग के माध्यम से शहर के नागरिकों से अपील की जा रही है कि वे जल्द से जल्द अपना बकाया संपत्ति कर जमा कर दें और मनपा की आगे की अप्रिय कार्रवाई से बचें. साथ ही 31 दिसंबर 2024 से पहले बकाया संपत्ति कर का भुगतान नहीं करने पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी.

**बारवी के जांभुल जल शुद्धीकरण संयंत्र में मरम्मत**

# उल्हासनगर सहित अंबरनाथ, बदलापुर में 24 घंटे जलापूर्ति बंद

**उल्हासनगर.** बारवी बांध से उल्हास नदी में गुरुत्वाकर्षण द्वारा छोड़े गए पानी को अंबरनाथ के पास जांभुल में जल उपचार संयंत्र में उपचारित किया जाता है। इस केंद्र में ग्रेविटी चैनल पर तत्काल मरम्मत कार्य शुरू किया गया है। नतीजतन, जिन शहरों को यहां से पानी की आपूर्ति होती है, वहां पानी की आपूर्ति नहीं हो पायेगी. अंबरनाथ, उल्हासनगर सहित अन्य नगर पालिकाएं, औद्योगिक क्षेत्र और ग्राम पंचायतें प्रभावित होंगी।

मरम्मत का काम शुक्रवार दोपहर 12 बजे तक चलेगा। इसलिए कुल 24 घंटे तक जलापूर्ति बंद रहेगी. अतः अम्बरनाथ, अति. अंबरनाथ, बदलापुर औद्योगिक क्षेत्र, उल्हासनगर मनपा, अंबरनाथ नगर परिषद, महाराष्ट्र जीवन प्राधिकरण, क्षेत्र की अन्य ग्राम पंचायतें और अन्य शहरी बस्तियां महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम के जंभुल जल उपचार संयंत्र से बंद हो जाएंगी।

एमआईडीसी की ओर से एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, अगले कुछ घंटों तक कम दबाव पर पानी की आपूर्ति जारी रहेगी। इसलिए अनुरोध है कि पानी का संयम से उपयोग करें।

# कल्याण में नशेड़ियों-गर्दुल्लों की धरपकड़

- 10 लोगों को लिया हिरासत में



**कल्याण.** कल्याण-डोंबिवली में बढ़ते अपराध और गिरोहों के बढ़ते उपद्रव को देखकर पुलिस उपायुक्त अतुल झेंडे के नेतृत्व में बुधवार की रात पुलिस ने कल्याण शहर के विभिन्न हिस्सों में खुले में गांजा, शराब और नशीली दवाओं का सेवन कर रहे 10 नशेड़ियों को गिरफ्तार किया। इन नशेड़ियों को डिप्टी कमिश्नर जेंडे के सामने पेश किया गया। पकड़े गए नशेड़ियों ने वादा किया कि वह दोबारा नशीली दवाओं, गांजा और तंबाकू उत्पादों का सेवन नहीं करेंगे, जिसके बाद डिप्टी कमिश्नर ज़ेंडे ने उठक-बैठक करवाई.

कल्याण रेलवे स्टेशन के बाहर, कल्याण और डोंबिवली के खाड़ी किनारे के इलाकों में युवाओं के समूह रात नौ बजे के बाद नशीली दवाओं का सेवन करने के लिए खुली जगहों पर बैठते हैं। कुछ क्षेत्रों में, गाँव में शराब की दुकानें खुली हैं। क्षेत्र के निवासी इन अड्डाबाजों और शराबियों से त्रस्त हैं। नागरिकों ने इस बात पर संतोष व्यक्त किया है कि कल्याण, डोंबिवली क्षेत्र में अवैध धंधों को रोकने के लिए उपायुक्त झेंडे सड़क पर उतर आए हैं। पिछले दो माह से उपायुक्त झेंडे के आदेश पर स्थानीय पुलिस ने सड़क व फुटपाथ अवरुद्ध कर व्यवसाय करने वाले दुकानदारों के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई शुरू कर दी है. सड़क जाम कर कारोबार करने वाले रिक्शा चालकों पर पुलिस आपराधिक कार्रवाई कर रही है. पिछले चार वर्षों के दौरान, कल्याण, डोंबिवली शहर की सीमा में कल्याण पुलिस उपायुक्त कार्यालय द्वारा ऐसी कोई आक्रामक कार्रवाई नहीं की गई। डिप्टी कमिश्नर झेंडे ने पदभार संभालने के बाद से ही शहर में अवैध धंधों पर नकेल कसने के आदेश दिए हैं.

नागरिकों ने उपायुक्त अतुल झेंडे से मांग की है कि वे स्थानीय पुलिस को सूचित किए बिना रात नौ बजे के बाद अचानक डोंबिवली मोठागांव खाड़ी तट, देवीचापाड़ा जेट्टी, नवापाड़ा, गणेश नगर चौपाटी, कोपर गांव खाड़ी, मनकोली फ्लाईओवर क्षेत्र का दौरा करें और अवैध गतिविधियों और कदाचार का निरीक्षण करें.

# अत्याधुनिक हो जाएगा कल्याण स्टेशन परिसर

- बस डिपो के नवीनीकरण के साथ फ्लाईओवर का काम युद्धस्तर जारी



**कल्याण.** स्मार्ट सिटी के तहत कल्याण स्टेशन क्षेत्र सुधार परियोजना (सैटिस) के तहत कल्याण स्टेशन क्षेत्र में बदलाव किया जा रहा है और महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन बस डिपो का नवीनीकरण कार्य युद्ध स्तर पर शुरू किया गया है. लेकिन एस.टी. निगम द्वारा जमीन सौंपने में देरी के कारण विकास कार्यों में देरी हुई. लेकिन अब पूरी जगह का भूमि अधिग्रहण पूरा हो चुका है और महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन बस डिपो के नवीनीकरण का काम युद्ध स्तर पर शुरू कर दिया गया है. इसलिए आने वाले समय में कल्याण स्टेशन इलाका हाईटेक होने की राह पर है.

स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत कल्याण स्टेशन क्षेत्र सुधार परियोजना का भूमिपूजन 25 जनवरी, 2021 किया गया था. इस काम में औसतन 498 करोड़ रुपये खर्च होंगे. कल्याण एसटी डिपो की शुरुआत 1972 में हुई. फिलहाल 47 साल बाद बस डिपो के बेड़े में 70 से ज्यादा बसें सेवा दे रही हैं. स्मार्ट सिटी के तहत एसटी डिपो के परिसर में अपडेटेड कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स, बस डिपो, पार्किंग प्लाजा बनाया जायेगा. स्मार्ट सिटी योजना के तहत विभिन्न विकास के लिए प्रयास शुरू कर दिए गए हैं और कल्याण और डोंबिवली स्टेशन क्षेत्रों को पहली प्राथमिकता दी गई है.

प्रशासन ने स्मार्ट सिटी योजना के माध्यम से सड़क, फ्लाईओवर, सबवे, खाड़ी तट विकास, शहर के पार्कों के माध्यम से पर्यटन स्थल, रिंग रूट रेलवे स्टेशन क्षेत्र विकास की परियोजनाएं शुरू की हैं. साथ ही भविष्य में मेट्रो, रिंग रूट जैसी कई परियोजनाएं साकार होंगी. जबकि आईटी पार्क, स्टेशन क्षेत्र में बहुमंजिला पार्किंग स्मार्ट सिटी के तहत नागरिकों की सेवा में आ गई है.

इस योजना के तहत स्टेशन क्षेत्र में फ्लाईओवर की बीम बिछा दी गई है और गार्डर बिछाने का काम शुरू हो गया है. स्मार्ट सिटी के तहत कल्याण स्टेशन क्षेत्र में परियोजना के निर्माण के लिए आवश्यक सिस्टम दिन-रात काम कर रहे हैं, जबकि कल्याण बस डिपो का कुल क्षेत्रफल 17 हजार 719 वर्ग मीटर है. इसमें बस स्टैंड स्थापना, यात्री प्रतीक्षालय, स्वच्छता सुविधाएं, कार्यशालाएं, वाणिज्यिक क्षेत्र, 18 बस प्लेटफार्म, दोपहिया वाहन स्टैंड, बस स्टैंड, परिवहन निगम की बसों के लिए पहुंच मार्ग, कुल 81 बसों के लिए रात्रि पार्किंग सुविधा आदि शामिल हैं.

### स्मार्ट सिटी के तहत काम में तेजी आ गयी है

स्टेशन के सामने बैलाबाजार चौक से नेताजी सुभाष चंद्र बोस चौक तक करीब 1100 मीटर लंबे फ्लाईओवर का काम शुरू हो गया है. महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम की बसें एस.टी. डिपो में आने-जाने के लिए अलग-अलग रास्ते का काम युद्ध स्तर पर शुरू कर दिया गया है.

नेताजी सुभाष चंद्र बोस चौक से होकर बैल बाजार की ओर आने वाला यातायात एसटी डिपो का सामने से भानुसागर थिएटर होते हुए कल्याण-शील रोड तक वन वे प्रस्तावित है. महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम के कल्याण बस डिपो के नवीनीकरण का काम युद्ध स्तर पर चल रहा है.

> स्मार्ट सिटी के तहत स्टेशन क्षेत्र में कार्य युद्ध स्तर पर शुरू कर दिया गया है. हालाँकि, भूमि अधिग्रहण के कारण कुछ विकास कार्यों में देरी हुई है, लेकिन अब एस.टी. एक साल पहले निगम द्वारा डिपो की जगह सौंपने के बाद महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन बस डिपो का नवीनीकरण कार्य युद्ध स्तर पर शुरू किया गया है. यू टाइप रोड और दो बिल्डिंग का काम चल रहा है. आने वाले समय में कल्याण स्टेशन इलाका हाईटेक होने की राह पर है.
>
> **-संदीप तांबे,** इंजीनियर, स्मार्ट सिटी अधिकारी

# अंबरनाथ सूर्योदय सोसायटी चेयरमैन पर गंभीर आरोप

- भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश कोषाध्यक्ष ने तहसीलदार से की शिकायत

▶▶ उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ सूर्योदय हाउसिंग सोसायटी की चेयरपर्सन शोभा शेट्टी द्वारा सोसायटी के सदस्यों को नाहक परेशान करने की लिखित शिकायत अंबरनाथ तहसीलदार को भाजपा के प्रदेश युवा कोषाध्यक्ष विनय जी. वर्मा ने की है.

वर्मा ने तहसीलदार से मांग की है कि चेयरमैन पर निर्बंध लगाकर कार्रवाई की जाए. उन्होंने पत्र में लिखा है कि सूर्योदय हाउसिंग सोसायटी लीज पर है और एशिया खंड में सबसे बड़ी सोसायटी है. 22 से 24 वर्षों से इमारतों, फ्लैट का रजिस्ट्रेशन नहीं हो रहा था. यहां पर पुराने घर गिरने के करीब हैं. इसलिए प्लॉट पर बने घरों को तोड़कर सदस्य इमारत निर्माण के लिए दे रहे हैं. पहले के प्लॉट मालिकों को शेयर सर्टिफिकेट भी दिए गए हैं. वर्मा ने तहसीलदार को बताया है कि भूखंड क्र. 587, 595, 569, 378 और 546 के सदस्यों को सोसायटी ने बकाया रकम भरने के लिए नोटिस भेजा है. ये सदस्य जब रकम भरने सोसायटी कार्यालय में गए तो चेयरमैन ने अपनी कुर्सी का दुरुपयोग करके सदस्यों को परेशानी में डाल दिया है. अपने भूखंड पर बनी इमारतों की सोसायटी बनाने के लिए सूर्योदय सोसायटी का ना हरकत दाखला लेना पड़ता है. वह उन्हें चेयरमैन नहीं दे रही है. सदस्यों सो इसके लिए रकम की मांग की जा रही है.

ऐसा आरोप वर्मा ने लगाया है. इस प्रकरण की पूरी जांच करके योग्य न्याय दिलाने की मांग वर्मा ने तहसीलदार से की है. चेयरमैन पर लगे आरोप पर हमने शोभा शेट्टी को उनके मोबाइल पर संपर्क किया तो उनका फोन आउट आफ सर्विस बता रहा है.

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक
उल्हास विकास

**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि**

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## सभी दवाइयां कर मुक्त हों

देश में एक तरफ चिकित्सा सेवाएं आम आदमी की पहुंच से दूर हो रही हैं, तो दूसरी तरफ दवाइयों पर लगातार कर बढ़ाया जा रहा है। सरकार की लोकलुभावन योजनाओं के बावजूद महंगी दवाइयां खरीदना रोगी के लिए मजबूरी है। आखिर उसके सामने कोई विकल्प भी तो नहीं। या तो वह जमीन-जेवर बेच कर अपनी जान बचाए या फिर घर पर लाइलाज मर जाए। यह भयावह स्थिति है। दो राय नहीं कि सस्ती दवाइयां उपलब्ध कराने के लिए कुछ कदम जरूर उठाए गए

### इलाज में मरीज हो रहे कंगाल

सच्चाई यह है कि बीमारियों के उपचार के दौरान अस्पतालों के बेतहाशा शुल्क और गैर-जरूरी चिकित्सा जांच में मरीज कंगाल होने लगता है। कई बार तो वह अपना इलाज कराने में असमर्थ हो जाता है। सरकार के दावे और हकीकत में कितना अंतर है, यह अस्पतालों में साफ दिखता है। इलाज पर खर्च दोगुना से अधिक हो गया है। इसकी बड़ी वजह दवाओं पर जीएसटी लगाया जाना भी है। जीवनरक्षक दवाओं को छोड़ दें, तो कई अधिकतम जीएसटी के दायरे में हैं। मनोरोग से संबंधित दवाइयों पर भी बारह फीसद जीएसटी लगाई गई है।

### गंभीर रोगों की दवाइयां पहले से ही महंगी

कई गंभीर रोगों की दवाइयां पहले से ही महंगी हैं। ऐसे में मानसिक चिकित्सा से संबंधित दवाओं पर बारह फीसद जीएसटी उन मरीजों से अन्याय है, जो जीवन की जद्दोजहद में घिर कर किसी कारण मनोरोग के शिकार हो गए हैं। आर्थिक दबाव से पहले ही बेहाल ऐसे मरीज अगर बीच में ही अपना इलाज छोड़ रहे हैं, तो यह निस्संदेह चिंता का विषय है।

यह सवाल वाजिब है कि क्या मनोरोग या किसी भी बीमारी का उपचार मनुष्य के लिए विलासिता है? क्या किसी को स्वस्थ जीवन जीने का अधिकार नहीं है? अगर दवाइयां महंगी होंगी, तो कोई भी पहले दाल-रोटी की चिंता करेगा या अपने लिए दवाइयां खरीदेगा? जबकि दोनों ही बुनियादी जरूरतें हैं।

मनोरोग के उपचार की दवाइयां भी उतनी ही महत्त्वपूर्ण हैं, जितनी जीवनरक्षक दवाएं। मानवीय रूप से देखें तो सभी दवाइयां करमुक्त होनी चाहिए। क्योंकि एक स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए यह आवश्यक है।

# हिंदी पर फिर संकीर्णता का प्रदर्शन, दक्षिण में विरोध क्यों?

हाल में हिंदी के विरोध का स्वर फिर से उठा। यह संसद में तब उठा, जब भारतीय वायुयान विधेयक नाम से एक बिल पेश किया गया। केंद्र सरकार के इस कदम को गैर हिंदी भाषी राज्यों में हिंदी थोपने का प्रयास बताया गया। इसके पहले भारतीय न्याय संहिता से संबंधित अधिनियमों के नामकरण का भी विरोध किया गया था। तमिलनाडु में डीएमके की राजनीति मुख्यतः हिंदी विरोध पर केंद्रित रही है। उसकी देखादेखी अन्नाद्रमुक भी हिंदी विरोध को अपनी राजनीति का हथियार बनाती है।

पिछले दिनों अन्नाद्रमुक ने एक प्रस्ताव पारित कर कहा कि केंद्र सरकार द्वारा कानूनों का नाम हिंदी और संस्कृत में रखना अप्रत्यक्ष रूप से हिंदी थोपना है। तमिलनाडु की तरह कर्नाटक में भी कभी-कभार हिंदी विरोध के स्वर सुनाई दे जाते हैं। हिंदी थोपने जैसा शब्द प्रयोग करना हिंदी विरोधियों के लिए एक मुहावरे की तरह है, जबकि हिंदी भाषा की उत्पत्ति शासकीय नहीं, बल्कि जन आकांक्षाओं की भाषा के रूप में सामने हुई थी। इसलिए जिन राज्यों में इसका विरोध अधिक हो रहा है, वहां सरकारें शासकीय संस्थानों एवं नाम पेटिकाओं पर से तो हिंदी को मिटा सकती हैं, लेकिन रोजमर्रा के जीवन में हिंदी के प्रयोग को लोगों की जुबान से नहीं हटा सकतीं।

यह एक तथ्य है कि हिंदी विरोध के बाद भी तमिलनाडु में पिछले 10 वर्षों में हिंदी सीखने वालों की संख्या दोगुने से भी ज्यादा बढ़ी है। दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा के मुताबिक तमिलनाडु में 2009 में जहां हिंदी सीखने वालों की संख्या 2.18 लाख थी, वहीं 2019 में यह बढ़कर 5.90 लाख हो गई। स्पष्ट है कि हिंदी के विकास के लिए प्रोत्साहन की



जरूरत नहीं है, क्योंकि यह स्वतः अपना स्थान बना रही है। इससे यह भी साफ होता है कि हिंदी का विरोध करने वाले राज्यों में यह राजनीतिक दलों की संकीर्णता का परिचायक है, न कि वहां रहने वाले लोगों के विरोध का। इन राज्यों के राजनीतिक दल रोजगार के मुद्दे पर अपनी असफलता को हिंदी विरोध के नाम पर दबाने की कोशिश करते हैं। यह ठीक उसी तरह की प्रवृति है, जिस तरह चुनावों में अपनी हार का ठीकरा कुछ राजनीतिक दल ईवीएम पर फोड़ते हैं।

वस्तुतः हिंदी भाषा आज बिना किसी सरकारी प्रोत्साहन के उन राज्यों में भी जनसंपर्क की भाषा बन चुकी है, जो कभी इसका विरोध करते थे। हिंदी का यह विस्तार किसी सरकार नहीं, अपितु जन सरोकार की बदौलत हुआ है। आज यह जन भाषा के रूप में श्रमिकों की भाषा के रूप में विस्तार कर रही है। हिंदी विरोधी जाने-अनजाने अंग्रेजी को मजबूत करने की वकालत ही करते हैं, जो एक साम्राज्यवादी भाषा है। यदि हिंदी उनकी जनआकांक्षाओं को अभिव्यक्त नहीं कर सकती, तो अंग्रेजी कैसे कर सकती है, क्योंकि भाषा केवल भाषा नहीं होती है, बल्कि वह बोलने वालों की लोकोक्तियों एवं मुहावरों के माध्यम से सामाजिक परंपरा की जीवंत संचय राशि भी होती है।

भारत के कुछ राष्ट्रीय चरित्र जैसे राम आदि का वर्णन अलग-अलग भाषाओं में हुआ है। यह एका दिखाता है कि भारत में भले ही भाषाएं अलग-अलग हैं, लेकिन उनका मूल भाव एक है। इसीलिए बहुत सारी भाषाओं में एक आपसी अंतर्संबंध भी मिलता है। इसलिए किसी भारतीय भाषा का विरोध करके अंग्रेजी का समर्थन करना मात्र नहीं है, बल्कि अपनी परंपरा को भी नष्ट करना है। यह कभी भी राष्ट्र के लिए उचित नहीं होगा, क्योंकि भाषाएं जब गुम होती हैं, तो केवल भाषा नहीं गुम होती है, बल्कि उसे बोलने वालों का अपना इतिहास भी गुम हो जाता है। भाषा किसी भी देश के अतीत को जानने का एक साधन होती है।

अस्मिताओं के इस दौर में भाषा एक महत्वपूर्ण अस्मिता है। पहले जहां भाषा को एक जुबान के रूप में ही समझा जाता था, वहीं अब यह पहचान के रूप में भी समझी जाती है। आज भाषा केवल संप्रेषण का माध्यम ही नहीं, अपितु बोलने वाले समूह के अस्तित्व का पर्याय भी है। किसी समूह की हैसियत उसकी भाषा द्वारा भी तय होती है। हमारे यहां कोई एक भाषा पूर्ण रूप से पूरे भारत में लागू नहीं रही है, बल्कि यहां भाषा एक प्रतिरोध की संस्कृति के परिचायक के रूप में रही है। जैसे यदि सत्ता संस्कृत का प्रयोग करती था तो जनता पाली-प्राकृत। जब सत्ता पाली-प्राकृत का प्रयोग करने लगी, तब जनता अपभ्रंश बोलने लगी। फिर जब सत्ता फारसी का प्रयोग करने लगी, तब जनता हिंदी बोलने लगी। इस प्रकार हमारे यहां शासक की भाषा और जन भाषा में सदैव एक अंतर दिखाई पड़ता है। हिंदी भाषा कभी भी साम्राज्यवादी भाषा नहीं रही है। यह वंचितों-पीड़ितों की भाषा है। यह आम जनमानस की भाषा है।



संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

यह संपूर्ण सृष्टि प्रेम के नियम पर टिकी हुई है, जिसे भौतिकशास्त्र के रूप में व्यक्त किया जाता है।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक

# बेकाबू होती महंगाई बनती जा रही गंभीर समस्या

महंगाई गंभीर समस्या बनती जा रही है और बाजार में उतार-चढ़ाव के तौर पर देखी जाने वाली स्थितियां अब आम रहने लगी हैं। एक दौर था, जब लोग कुछ समय तक महंगाई की चुनौतियों का सामना कर लेते थे। अब महंगाई में निरंतरता बनी हुई है, खर्च की चादर फैलती जा रही है। ठंड के मौसम में हरी सब्जियां बाजार में दिखती हैं और अमूमन उनकी कीमत ऐसी रहती है कि लोग खर्च कर सकें, लेकिन इस साल ऐसा नहीं है। गोभी, पालक, भिंडी, टमाटर, प्याज, लहसुन, मटर जैसी सब्जियों के दाम ज्यादा होने से आम लोगों का बजट प्रभावित हो रहा है।

सब्जी विक्रेताओं के मुताबिक, बड़े कारोबारियों की जमाखोरी के कारण महंगाई की नौबत आई है। विवाह आयोजनों के लिए खरीद हो रही है और छोटे विक्रेताओं तक आवक कम हो रही है। इस बार हरी सब्जियों की पैदावार भी कम हुई है। हकीकत यह है कि पिछले कुछ वर्षों से रोजी-रोजगार की फिक्र में लोग यह भी भूलते जा रहे हैं कि उनकी थाली में न्यूनतम चीजें क्या-क्या होनी चाहिए।

यह नौबत आ गई है कि अर्थव्यवस्था के चमकते आंकड़ों की चकाचौंध के बीच बहुत सारे लोगों को खाने-पीने की चीजों में भी कटौती करनी पड़ रही है। यह सोचने की जरूरत है कि आर्थिक विकास के दावों के दायरे में कौन है। क्यों थाली महंगी हो रही है।

जरूरी सामानों के साथ ही खाद्य पदार्थों की बढ़ी हुई कीमतों ने पहले ही आम लोगों की रोजमर्रा की जरूरतों को प्रभावित करना शुरू कर दिया था।



मुश्किल सिर्फ सब्जियों तक नहीं सिमटी है। इसका असर दूसरे खाद्य पदार्थों पर भी पड़ा है और खरीदारी के वक्त भी लोगों को अब थोड़ा रुक कर सोचना पड़ रहा है।

यह दुखद स्थिति है कि आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर कदम बढ़ाने का दावा करने के क्रम में इस पक्ष की अनदेखी की जा रही है कि लोग जीने के लिए जो भोजन कर रहे हैं, उसके लिए उन्हें कितना सोचना पड़ रहा है। देश की गरीब आबादी के सामने किस तरह की चुनौतियां खड़ी हैं, यह समझना बहुत मुश्किल नहीं है।

रुपए की कीमत लगातार कम होते जाने की वजह से भी महंगाई पर काबू पाने में मुश्किलें आ रही हैं। महंगाई की हकीकत और सरकारी आंकड़ों में विरोधाभास दिख रहा है। दो दिन पहले सरकार का आंकड़ा सामने आया कि महंगाई दर में गिरावट हुई है और दावा किया गया कि खुदरा बाजार में स्थिति संभलने लगी है, लेकिन हकीकत कुछ और है। दरअसल, खुदरा बाजार का तंत्र जरूरी नहीं कि थोक बाजार से ही नियंत्रित हो या उसके जरिए ही संचालित हो। एक बड़ी वजह यह है कि आयात और निर्यात नीति पर संतुलित तरीके से ध्यान नहीं दिया जाता।

हाल में आयात और निर्यात के जो आंकड़े सामने आए हैं, उनसे यह स्पष्ट है। व्यापार घाटा बढ़ा है। इससे महंगाई बढ़ती ही है। महंगाई पर काबू पाने के लिए वस्तुओं के विपणन, भंडारण और आयात पर तर्कसंगत नजरिए से काम होना चाहिए। इसमें दो राय नहीं कि केंद्रीय बैंक व सरकार के प्रयासों के बावजूद खुदरा महंगाई पर नियंत्रण के लक्ष्य हासिल नहीं हो सके हैं। तमाम उपायों के बावजूद बिचौलियों पर काबू नहीं पाया जा सका है। नीतिगत स्तर पर इसके लिए ठोस उपाय करने होंगे।

# बंगाल में पाया गया रहस्यमय पौधा

जरा हट के

पश्चिम बंगाल के मिदिनीपुर में एक कीट खाने वाला पौधा काफी समय से पाया जाता है, जिसका नाम है संड्यूज बैंकुरा. इसे मांसाहारी सोचकर घबराने की जरूरत नहीं है. बता दें कि अमेजन जंगल का मांसाहारी पौधा बैंकुरा, बंगाल में पाया गया है और इस मुद्दे ने अब आम लोगों के बीच एक गर्मा-गर्म बहस छेड़ दी है. इसने सभी के बीच काफी चिंता पैदा कर दी है. हालांकि, इस पौधे की तस्वीर में यह बहुत बड़ा नजर आ रहा है, असल में यह इतना बड़ा नहीं है. यह पौधा थोड़ा छोटा और लाल-नारंगी रंग का होता है, जिसे मांसाहारी कहना गलत होगा.

असल में, इस विशेष पौधे की प्रजाति मुख्य रूप से छोटे कीटों को खाती है. यह अपनी शरीर पर एक विशेष ओस जैसे रस के जरिए कीटों को आकर्षित करता है और उन कीटों से रस सोखकर अपनी



ज़िंदगी चलाता है. इसी प्रकार की एक विशेष प्रजाति है संड्यूज या सूर्या शिशिर. यह पौधा अफ्रीकी प्रजाति का है और यह सिर्फ बैंकुरा में ही नहीं, बल्कि पश्चिम मिदनापुर जिले के कई वन क्षेत्रों में भी लंबे समय से पाया जाता है. बता दें कि यह मांसाहारी नहीं है और आम लोगों या अन्य वन्य जीवों को कोई नुकसान नहीं पहुंचाता.

यह संड्यूज मुख्य रूप से चट्टानी क्षेत्रों में उगता है. यह बहुत छोटा होता है और इसका रंग लाल-नारंगी होता है. इसके पत्ते गोल होते हैं और पत्तों के आस-पास एक शाखा जैसी संरचना होती है. इसके ऊपर एक चिपचिपी पदार्थ होता है जो ओस की तरह लगता है. इस संड्यूज का रंग और इसकी चिपचिपी पदार्थ जैसे ओस के कण और अन्य छोटे कीटों को आकर्षित करते हैं. जब कोई कीट उस चिपचिपी पदार्थ में फंस जाता है, तो वो जीवित नहीं बच सकता.

बता दें कि आजकल के सोशल मीडिया के दौर में, बैंकुरा में संड्यूज या सूर्याशिशिर के अस्तित्व को लेकर बहुत चिंता फैल गई है. कुछ लोग इसे मांसाहारी समझकर इस पौधे को नष्ट कर रहे हैं. हालांकि, यह पौधा पश्चिम मिदनापुर के कई जंगलों में, जैसे गुर्गुरीपाल, चंद्रा, लालगढ़ में पहले से ही पाया जाता रहा है.

# सर्दियों में सूख न जाए तुलसी का पौधा

- इन 6 टिप्स को फॉलो करें

हिंदू धर्म में घर के आगन, बलकनी में तुलसी का पौधा लगाना बेहद पवित्र, सुख-समृद्धि लाने वाला माना गया है. तुलसी का पौधा अधिकतर लोग अपने घर में लगाते हैं. कहते हैं इसमें मां लक्ष्मी का वास होता है. ऐसे में तुलसी जी के पौधे का विशेष ध्यान रखना चाहिए वरना आपके घर से लक्ष्मी जी रुष्ठ होकर चली जाएंगी. अक्सर सर्दियों के मौसम में अधिकांश इनडोर पौधों का बुरा हाल हो जाता है. प्रॉपर देखभाल ना मिले तो ये सूखकर मुरझा जाते हैं. पत्तियां सारी झड़ने लगती हैं. खासकर, घर के आंगन और बालकनी में आपने तुलसी (Tulsi) का पौधा लगा रखा है तो आपको विशेष ध्यान देने की जरूरत है, क्योंकि तुलसी का पौधा ठंड के



दिनों में जल्दी खराब होने लगता है. आपके घर में लगा तुलसी का पौधा भी मुरझाने लगा है तो तुरंत ही यहां बताए गए टिप्स को फॉलो करना शुरू कर दें.

### ऐसे रखें तुलसी के पौधे को हरा-भरा

1. अधिकतर लोग अपने घर में तरह-तरह के पौधे लगा तो लेते हैं, लेकिन उसकी किस मौसम में कैसे देखभाल करनी चाहिए, इसकी जानकारी नहीं होती है. इससे पौधे सूखने लगते हैं. तुलसी का पौधा आपके घर में लगा है और उसकी पत्तियां मुरझाती सी दिख रही हैं तो आप तुरंत ही नीम के पत्तों का पानी तुलसी प्लांट के गमले में डाल दें. इसके लिए नीम की कुछ पत्तियों को पानी में डालकर उबालें और इसे ठंडा करके डालें. आप ये उपाय प्रत्येक चार दिनों में करें. मिट्टी सूखी हो तो ही पानी डालें.

2. आप तुलसी के गमले में लौंग का पानी भी डाल और छिड़काव कर सकते हैं. इसके लिए एक छोटे भगोने में पानी लें और उसमें कुछ लौंग डालकर उबालें. पानी ठंडा हो जाए तो पौधे पर स्प्रे करें. इससे कीड़े, चीटियां पौधे को नुकसान नहीं पहुंचाएंगी.

3. ठंड के मौसम में बार-बार अधिक खाद और केमिकल युक्त फर्टिलाइजर का इस्तेमाल न करें. इससे पौधा हरा-भरा नहीं रहेगा, बल्कि और सूख जाएगा. खाद कैसा, कितनी मात्रा में और कब डालना चाहिए, इसकी जानकारी नहीं है आपको तो किसी एक्सपर्ट से जरूर पूछ लें.

4. यदि आपकी बालकनी या आंगन में तुलसी के पौधे को प्रॉपर धूप नहीं लगती है, तो इसे उस जगह पर 6-8 घंटे के लिए रखें जहां धूप अच्छी आती हो. हर दिन इस पौधे को 6 से 8 घंटे की डायरेक्ट धूप जरूरी है. ठंड के मौसम में हर दिन तुलसी जी के पौधे में पानी नहीं डालें. इससे मिट्टी जल्दी सूखेगी नहीं और जड़ सड़ भी सकता है. पौधा मुरझा सकता है. पानी तभी डालें जब मिट्टी का एक-तिहाई हिस्सा सूखा दिखाई दे.

5. आंगन, बालकनी में तुलसी का पौधा लगा है तो उस पर कोई साफ सूती कपड़ा डाल दें. इससे रात के समय ओस गिरने से पौधे को कोई नुकसान नहीं होगा. आप चाहें तो सर्दियों में तुलसी के पौधे को शेड के नीचे रख दें. तुलसी के पौधे को आप प्लास्टिक से भी ढक सकते हैं. इससे ठंडी हवा से होने वाले नुकसान से पौधा बचा रहेगा.

6. यदि तुलसी के पौधे पर मंजरी निकल आए तो उसे काटकर हटा दें. यह पौधे के ग्रोथ को रोकती है और पत्तियां मुरझाने लगती हैं. मजंरी नहीं है तो भी ठंड में कटाई-छंटाई करते रहें ताकि ग्रोथ न रुके. बेशक, ठंड में तुलसी का पौधा धीरे बढ़ेगा, लेकिन फरवरी और मार्च के महीने में इसकी ग्रोथ सही से शुरू हो जाएगी.

खाना-खजाना

# चिकन मैगी नूडल्स

**अगर आप रूटीन मैगी रेसिपी को खाते-खाते बोर हो चुके हैं और अब उसे एक नए फ्लेवर और रेसिपी के साथ ट्राई करना चाहते हैं तो चिकन मैगी नूडल्स परफेक्ट रेसिपी हो सकती है। मैगी नूडल्स की इस रेसिपी को बड़े लोग ही नहीं बल्कि बच्चे भी बड़े चाव से खाते हैं। इसके अलावा इस रेसिपी को बनाना भी बेहद आसान है।**

### सामग्री :

- 2 पैकेट मैगी
- 3 बड़े चम्मच तेल
- ½ कप पतले कटे प्याज
- 2 चम्मच बारीक कटा हुआ लहसुन
- 250 ग्राम बोनलेस चिकन
- 1 अंडा
- ½ कप शिमला मिर्च कटी हुई
- 2 चम्मच सोया सॉस
- ½ चम्मच सफेद सिरका
- 2 बड़े चम्मच कटा हुआ हरा प्याज

### बनाने का तरीका :

चिकन मैगी नूडल्स बनाने के लिए सबसे पहले मैगी को पकाकर अलग रख लें। इसके लिए मीडियम आंच पर एक पैन में 3 कप पानी गर्म करके उसमें मैगी नूडल्स डालकर 2 मिनट तक पकाएं। मैगी पकाते समय उसे बीच-बीच में



हिलाते रहें। इसके बाद मैगी का पानी निथारकर एक तरफ रख दें। अब मीडियम आंच पर एक पैन में तेल गर्म करें। तेल में प्याज और लहसुन डालकर 2 मिनट तक भूनें। इसके बाद पैन में चिकन डालकर 3-4 मिनट तक भूनें। ध्यान रखें, चिकन को पकाते समय उसे बार-बार हिलाएं। अब सभी सामग्री को पैन के किनारे पर करते हुए पैन के बीच में एक अंडा फेंटकर डाल दें। इसके बाद सभी चीजों को एक साथ मिला लें।

अब पैन में शिमला मिर्च, मैगी टेस्टमेकर, सोया सॉस और सिरका डालकर एक मिनट तक और पकाएं। अब पकी हुई मैगी को पैन में सॉस के साथ डालकर अच्छी तरह मिलाएं। अगर इस स्टेज पर आपको मैगी सूखी हुई लगे तो आप उसमें थोड़ा सा पानी भी मिला सकते हैं। आपकी टेस्टी चिकन मैगी नूडल्स बनकर तैयार हैं। इसे सर्विंग प्लेट में निकालकर कटे हुए हरे प्याज से गार्निश करते हुए सर्व करें।

# सिलेंडर से लीक हो जाए गैस तो...

- भूलकर भी न करें ये काम,
- जानें बचाव के टिप्स

गैस सिलेंडर फटने की घटनाएं अक्सर सामने आती रहती हैं. ज्यादातर मामलों में लापरवाही इसकी सबसे बड़ी वजहों मे से एक होती है. एलपीजी गैस बेहद ज्वलनशील गैस है. इसीलिए इसे घर में उपयोग करते वक्त बेहद सावधानी बरतनी जरूरी होती है. ऐसे में गैस सिलेंडर में लीकेज होने की स्थिति में या फिर किसी भी प्रकार की अन्य समस्याओं से निपटने के लिए आज हम आपको कुछ ऐसे टिप्स बताएंगे जिससे आप घर में सिलेंडर का उपयोग करते हुए सावधानी बरत सकते हैं.



गैस सिलेंडर ब्लास्ट का सबसे बड़ा कारण गैस लीकेज होता है. इसके अलावा गैस सिलेंडर को सीधे धूप में रखना भी बेहद खतरनाक हो सकता है. गैस सिलेंडर और चूल्हे को जोड़ने वाली कनेक्शन पाइप ढीली होने की वजह से भी गैस लीकेज हो सकती है. वहीं इसके अलावा गैस पाइप पुराने होने से भी लीकेज की समस्या उत्पन्न हो सकती है. जो सिलेंडर ब्लास्ट होने का कारण बन सकता है.

एलपीजी गैस की डिलीवरी लेते वक्त ग्राहको को प्री डिलीवरी टेस्ट करना बेहद जरूरी होता है. ग्राहकों को सिलेंडर लेने से पहले डिलीवरी बॉय से उसका प्री-डिलीवरी टेस्ट कराना चाहिए. इसमें कुछ चीजों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत होती है. जैसे सिलेंडर की सील अच्छे से पैक हो, सिलेंडर के अंदर वाल्व जरूर लगा होना चाहिए. इसके साथ ही लिखा वजन को जांच लें और डिलीवरी के वक्त गैस लीकेज की चेकिंग जरूर करें.

सिलेंडर से गैस लीकेज की जांच सूंघ कर की जा सकती हैं. LPG सिलेंडर में एथिल मर्केप्टन (केमिकल) मिलाया जाता है, जिससे गैस रिसाव होने पर सड़े हुए अंडे प्याज या लहसुन जैसी गंध आती है. अगर ऐसी गंध आती है तो ये गैस लीकेज का संकेत हो सकती है.

सिलेंडर से गैस लीकेज का पता चलने पर सबसे पहले अपने आप को शांत रखने की जरूरत है. बिना पैनिक हुए सबसे पहले घर के खिड़की दरवाजे को खोल दें और तुरंत ही गैस के रेगुलेटर को बंद करें और आसपास से ज्वलनशील चीजों को तुरंत हटा दें. भूल कर भी लाइटर या माचिस को सिलेंडर के आसपास ना जलाएं. गैस लीकेज की स्मेल को कम होने का इंतजार करें और पैनिक की स्थिति में हेल्पलाइन नंबर 1906 पर डायल करें.

# गुलाब के पौधे में ज्यादा पानी देना भी हानिकारक



### ऐसे करें देखभाल

दिसंबर से जनवरी के महीने में गुलाब के पौधे की खास तरह से देखभाल करनी चाहिए. इस समय गुलाब के पौधे को पानी और खाद देना बेहद जरूरी है. ध्यान रखें कि गुलाब के पौधे में ज्यादा पानी देना भी हानिकारक हो सकता है. साथ ही पौधे खराब हो सकते हैं. ऐसे में सप्ताह में एक बार पानी अवश्य दें. इसके अलावा पत्तियों पर भी पानी का छिड़काव करें, जिससे पत्तियों की सुंदरता बढ़ेगी.

किसी भी पौधे के विकास के लिए पर्याप्त पोषण मिलना बेहद जरूरी होता है. ऐसे में अगर आपने भी गुलाब का पौधा लगा रखा है तो आप उसमें सरसों की खली को खाद के तौर पर इस्तेमाल कर सकते हैं. सरसों की खली को 3 से 4 दिन तक भिगो कर रखें. उसके बाद पूरे घोल को गुलाब के पौधे के जड़ के आसपास मिट्टी की खुदाई कर उसमें डाल दें, ऐसा करने से गुलाब के पौधे में फूल भी ज्यादा आएंगे.

गुलाब के पौधे को पोटाश और फास्फेट के साथ-साथ अन्य सूक्ष्म पोषक तत्वों की भी आवश्यकता होती है. जिसके लिए कंपोस्ट खाद बेहद ही अच्छा विकल्प है. आप गुलाब के गमले में वर्मी कंपोस्ट का इस्तेमाल कर सकते हैं. वर्मी कंपोस्ट में सभी सूक्ष्म पोषक तत्व पाए जाते हैं.

अगर आप चाहते हैं कि आपका गुलाब के पौधे में पत्तियां हरी-भरी और फूलों का रंग गहरा हो तो उसके लिए आपको महीने में एक बार कैल्शियम भी देना चाहिए. कैल्शियम की पूर्ति के लिए एक चम्मच पुताई वाला चूना मिट्टी की गुड़ाई कर मिला दें. ऐसा करने से गुलाब के फूलों में गहरा रंग आएगा.

गुलाब के पौधे में खाद पानी और धूप के अलावा प्रूनिंग की भी आवश्यकता होती है. आप गुलाब के पौधे की नवंबर के महीने में पुरानी शाखाओं को काट दें. प्रूनिंग करने से पौधे में नई शाखाएं आएंगी, नई शाखाओं पर ज्यादा से ज्यादा खूबसूरत फूल आएंगे.

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## आज का राशिफल

**मेष** : रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। कार्य की प्रशंसा होगी। प्रसन्नता तथा संतुष्टि रहेगी। यात्रा मनोरंजक हो सकती है। व्यापार-व्यवसाय में नए प्रयोग किए जा सकते हैं। समय की अनुकूलता का लाभ लें। धन प्राप्ति सुगम होगी। नौकरी में अनुकूलता रहेगी।

**वृषभ** : विवाद को बढ़ावा न दें। बेवजह कहासुनी हो सकती है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। थकान व कमजोरी रह सकते हैं। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। धनहानि की आशंका है। व्यापार-व्यवसाय में धीमापन रह सकता है। आय में निश्चितता रहेगी। समय शीघ्र सुधरेगा।

**मिथुन** : मित्रों का सहयोग करने का अवसर प्राप्त हो सकता है। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल चलेगा। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से लाभ होगा। यात्रा सफल रहेगी। शत्रु सक्रिय रहेंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। किसी के काम में हस्तक्षेप न करें।

**कर्क** : आत्मसम्मान बना रहेगा। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। भूले-बिसरे साथियों व संबंधियों से मुलाकात होगी। कारोबार में अनुकूलता रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रह सकता है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। बुद्धि का प्रयोग लाभ में वृद्धि करेगा।

**सिंह** : बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति हो सकती है। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। यात्रा लाभदायक रहेगी। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड मनोनुकूल लाभ देगा। प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। जोखिम के कार्य टालें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कन्या** : स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में जल्दबाजी न करें। फालतू खर्च होगा। कर्ज लेना पड़ सकता है। आय में कमी होगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा।

**तुला** : यात्रा मनोनुकूल रहेगी। नया काम मिलेगा। नए अनुबंध होंगे। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। समय की अनुकूलता रहेगी, लाभ लें। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। आय में वृद्धि होगी। जल्दबाजी न करें।

**वृश्चिक** : कार्यस्थल पर सुधार व परिवर्तन हो सकता है। योजना फलीभूत होगी। तत्काल लाभ नहीं होगा। निवेश में जल्दबाजी न करें। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। रुके कार्यों में गति आएगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। माता की सेहत का ध्यान रखें।

**धनु** : अध्यात्म में रुझान रहेगा। सत्संग का लाभ प्राप्त होगा। राजकीय बाधा दूर होकर स्थिति लाभदायक बनेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। आसपास का वातावरण सुखद रहेगा। पार्टनरों तथा भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। विवाद को बढ़ावा न दें। विवेक का प्रयोग करें। प्रमाद न करें।

**मकर** : स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। चोट व दुर्घटना से बड़ी हानि की आशंका बनती है, सावधानी आवश्यक है। लेन-देन में जल्दबाजी से बचें। आय बनी रहेगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। व्यापार-व्यवसाय की गति धीमी रहेगी।

**कुंभ** : कोर्ट व कचहरी के कार्य अनुकूल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। कारोबार लाभदायक रहेगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। लेन-देन में सावधानी रखें।

**मीन** : भूमि-भवन व मकान-दुकान इत्यादि की खरीद-फरोख्त मनोनुकूल लाभ देगी। बेरोजगारी दूर होगी। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। भाग्य का साथ मिलेगा। चारों तरफ से सफलता मिलेगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। उत्साह बना रहेगा।

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

## खबरें गांव की...

### कारोबारी से मांगी 50 लाख की रंगदारी, कंपनी ब्लैक लिस्ट कराने की दी धमकी

**मुरादाबाद.** यूपी के मुरादाबाद के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में एक कारोबारी से पचास लाख रुपये की रंगदारी की डिमांड की गई। पांच लाख रुपये ले भी लिए। इसके बाद पैसों की और डिमांड की गई। इंकार करने पर फर्जी केसों में पूरे परिवार को जेल भिजवाने और कंपनी को ब्लैक लिस्ट करने की धमकी भी दी। पीड़ित कारोबारी की शिकायत पर सिविल लाइंस में तीन लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पीड़ित अरशू ढल वजीर चंद एण्ड कंपनी प्राइवेट लिमिटेड प्रेम नगर में डायरेक्टर हैं। पुलिस को बताया कि फर्म में पहले शिव कुमार बतौर कार चालक और पवन कुमार सुरक्षा गार्ड था। दोनों कंपनी में चोरी की घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। इस संदर्भ में दोनों लिखित रूप में भी माफी मांग चुके हैं। चोरी बंद न होने पर दोनों को कंपनी से बाहर कर दिया गया था। बाद में इन दोनों ने कंपनी से अवैध वसूली के लिए गैंग बना लिया।

### पहली पत्नी की मौत बताकर की दूसरी शादी

**महराजगंज.** यूपी के महराजगंज में पहली शादी के बाद एक शख्स ने दूसरी शादी कर ली। शादी के चार माह बाद पहली पत्नी आ गई। इस मामले में दूसरी पत्नी ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। उसका कहना है कि पति ने पहली पत्नी का मौत का हवाला देकर उससे शादी की है। इस मामले में पुलिस का कहना है कि मामला कोर्ट में है। प्रकरण में आरोपित का शांति भंग में चालान किया गया है। मामला महराजगंज के भिटौली थाना क्षेत्र का है। दूसरी पत्नी कुशीनगर जिले की रहने वाली है। पीड़ित महिला ने भिटौली पुलिस को तहरीर देकर बताई कि बीते माह जून में उसकी शादी भिटौली थाना क्षेत्र के एक युवक के साथ हुई थी। महिला का आरोप है कि युवक ने यह कहते हुए उससे शादी की कि उसकी पहली पत्नी की मौत हो गई है। उसकी एक बच्ची है। युवक की बात पर भरोसा कर परिजनों ने शादी कर दी। शादी के बाद वह पति के साथ रहने लगी। दूसरी पत्नी ने बताया कि चार माह बाद अचानक उसकी पहली पत्नी आ गई। पति ने ही उसे बुलाया और बताया कि यह उसकी पहली पत्नी है।

### 8 साल की बच्ची से रेप के बाद हत्या करने के आरोपी का हाफ एनकाउंटर, गिरफ्तार

**वाराणसी.** वाराणसी के रामनगर क्षेत्र की 8 साल की बालिका से दुष्कर्म और हत्या के आरोपी पड़ोसी 22 वर्षीय इरशाद को क्राइम ब्रांच की टीम और रामनगर पुलिस ने बुधवार देर रात डोमरी में गंगा किनारे मुठभेड़ में धर दबोचा। हाफ एनकाउंटर में आरोपी के दाएं पैर में गोली लगी है। पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया है। एक दिन पहले आरोपी ने बच्ची का घर के पास से ही अपहरण कर उसका रेप किया और उसका कत्ल करके बोरे में लाश बांधकर एक स्कूल में फेंक दिया था। पुलिस ने इलाके के सीसीटीवी से आरोपी को खोजा।

# कॉन्ट्रेक्ट कर्मचारी ने किया 21 करोड़ का घोटाला

- सैलरी 13 हजार रुपए
- करोड़ों की कार-बाइक खरीदी
- गर्लफ्रेंड को फ्लैट गिफ्ट किया





**मुंबई.** महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में एक कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारी ने 21 करोड़ रुपए का घोटाला किया है। इस रकम से उसने अपनी गर्लफ्रेंड के लिए एयरपोर्ट रोड में लग्जरी फ्लैट खरीदकर गिफ्ट कर दिया। खुद के लिए उसने महंगी बाइक और कारें खरीदीं।

पुलिस ने बताया कि 23 साल का हर्षल कुमार क्षीरसागर संभाजीनगर खेल परिसर में कम्प्यूटर ऑपरेटर है। उसकी सैलरी 13 हजार रुपए है। उसने इसी साल 1 जुलाई से 7 दिसंबर के बीच विभाग के 21 करोड़ 59 लाख 38 हजार रुपए इंटरनेट बैंकिंग के जरिए 13 खातों में ट्रांसफर किए। उसने साथी कर्मचारी यशोदा शेट्टी और उसके पति बीके जीवन के साथ मिलकर यह घोटाला किया।

**घोटाला सामने आने के बाद खुलासा हुआ**

**आरोपी हर्षल ने 1.20 करोड़ की बीएमडब्ल्यू कार, 1.30 करोड़ रुपए की एसयूवी और 32 लाख रुपए की बीएमडब्ल्यू बाइक खरीदी। इसके अलावा अपनी गर्लफ्रेंड के लिए एयरपोर्ट के सामने एक अपार्टमेंट में 4 BHK फ्लैट खरीदा। आरोपी ने शहर के नामी जौहरी को हीरे का चश्मा बनाने का ऑर्डर भी दे दिया था। उसकी साथी संविदा कर्मी के पति ने भी 35 लाख की एसयूवी कार खरीदी है।**

#### बैंक खाते से 59 करोड़ का हेरफेर

राज्य सरकार ने संभाजीनगर में खेल परिसर के निर्माण के लिए पैसे भेजे थे। खेल परिसर के नाम से इंडियन बैंक में खाता खोला गया था। इस खाते में लेनदेन डिप्टी स्पोर्ट्स डायरेक्टर द्वारा साइन किए गए चेक से होता था।

आरोपी हर्षल, यशोदा शेट्टी और उसके पति बीके जीवन ने फर्जी दस्तावेज तैयार करके बैंक को दिए और इंटरनेट बैंकिंग एक्टिव करने के बाद रकम को अपने खाते में ट्रांसफर कर लिया। डिप्टी डायरेक्टर को 6 महीने बाद इस घटना का पता चला। हर्षल फरार है, जबकि यशोदा और उसके पति को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# 50 राउंड फायरिंग से फिर दहला हरियाणा

- दो की तत्काल मौत और एक गंभीर





**नई दिल्ली.** हरियाणा का यमुनानगर जिला आज 50 राउंड फायरिंग से थर्रा गया। जिम में गए तीन युवक जब एक्सरसाइज के बाद वापस लौट रहे थे और अपनी बुलेरो कार में बैठने जा रहे थे तो उन पर हमला हुआ। बाइक सवार युवकों ने उन्हें घेर कर गोलियां मारना शुरू कर दिया और जान बचाने के लिए भागे तो दौड़ाकर गोलियां मारी गईं। दूर से ही पूरी घटना को देखने वाले कुछ लोगों का दावा है कि 50 से ज्यादा गोलियां चली थीं। इस घटना की सीसीटीवी फुटेज भी सामने आई है, जिसमें दिखता है कि युवक हमलावरों से बचने के लिए भाग रहे थे, लेकिन जान बचाना ही मुश्किल हो गया। दो युवकों की तो मौके ही मौत हो गई, जबकि तीसरे की हालत गंभीर बनी हुई है और वह अस्पताल में एडमिट है।

यह घटना शहर के लखा सिंह खेड़ी इलाके में सुबह करीब सवा 8 बजे हुई। जानकारी मिलते ही एसपी समेत कई अधिकारी मौके पर पहुंचे और उन्होंने शुरुआती जांच की। मौके की सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध है, लेकिन हमलावरों की पहचान करना एक चैलेंज है। फायरिंग करते दिख रहे तीनों हमलावरों ने अपने चेहरे ढक रखे थे। अब तक किसी गैंगस्टर या ग्रुप ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। लेकिन जिस तरह से घटना को अंजाम दिया गया है, उससे साफ है कि व्यक्तिगत दुश्मनी, प्रॉपर्टी के विवाद या फिर ऐसे ही किसी मामले में यह कांड हुआ है। अब तक इस हत्या के मकसद की भी जानकारी नहीं मिली है। बीते सप्ताह ही पंचकूला में गोलीकांड हुआ था और अब यमुनानगर में ऐसा होने से कानून-व्यवस्था को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

वीडियो में दिखता है कि तीनों युवक जिम से बाहर निकलकर एक गाड़ी में बैठकर अपने घर को लौट रहे थे। लेकिन इसी बीच बाइक पर आए बदमाशों ने उन्हें घेर लिया और बिना मौका दिए गोलियां बरसाने लगे। बचने के लिए युवक इधर-उधर भागे और एक ने तो बगल के अस्पताल में भी घुसने की कोशिश की, लेकिन उससे पहले ही गोलियां लगने से वह गिर पड़ा। इस बीच बदमाश 2 युवकों की हत्या कर फरार हो गए, वहीं घायल युवक की हालत भी गंभीर बनी हुई है। दिनदहाड़े ऐसी फायरिंग से लोग खौफ में हैं। हालांकि सर्दी अधिक होने और हल्की धुंध के चलते लोग बाहर कम निकलने थे। बदमाश काफी देर तक जिम के बाहर खून की होली खेलते रहे।

# CM उमर के लिए 3 करोड़ की कारें खरीदी जाएंगी

- पूर्व मेयर बोले- विधायकों को सैलरी नहीं मिल रही, इनकी राजशाही कम नहीं हो रही



**श्रीनगर.** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के लिए 7 फॉर्च्यूनर और 1 रेंज रोवर कार खरीदी जाएंगी. इन 8 कारों की कुल कीमत 3 करोड़ रुपए होगी. इनमें से 4 गाड़ियां CM के अलग-अलग दौरे के लिए दिल्ली में रखी जाएंगी, जबकि 2 कार श्रीनगर और 2 कार जम्मू में रखी जाएंगी.

राज्य सरकार की ओर से इसकी मंजूरी दे दी गई है. इसे लेकर श्रीनगर के पूर्व मेयर जुनैद मट्टू ने कहा है कि एक तरफ विधायकों को पहली सैलरी नहीं मिली है, वहीं, दूसरी तरफ उमर अब्दुल्ला की राजशाही कम नहीं हो रही.

मट्टू ने X पर लिखा- माननीय ड्यूक ऑफ एसेक्स के लिए 7 नई टोयोटा फॉर्च्यूनर और एक नई व्यक्तिगत रेंज रोवर डिफेंडर है. CM के काफिले में अब सिर्फ डल झील पर एक विमान और एक यॉट की कमी है. जम्मू-कश्मीर का दर्जा कम हुआ है, लेकिन अब्दुल्ला राजशाही का नहीं.

# 40 जेसीबी लेकर जंगल पहुंचे कलेक्टर-एसपी

- खंडवा में वन विभाग की 10 हजार एकड़ जमीन पर कब्जा
- फसलों पर चला बुलडोजर



**खंडवा.** खंडवा में जिला प्रशासन ने जंगल में बढ़ रहे अतिक्रमण को लेकर बड़ी कार्रवाई की है। गुरुवार को वन विभाग और जिला प्रशासन ने करीब 500 जवानों और 40 जेसीबी मशीनों के साथ अतिक्रमण क्षेत्र में दबिश दी। कब्जाई जमीनों में खंती खोदने की कार्रवाई की जा रही है। यहां बोई गई फसलों को नष्ट किया जा रहा है।

गुडी रेंज के नाहरमाल, हीरापुर गांव में वन विभाग ने कार्रवाई का प्लान बनाया है। यहां वन विभाग की 10 हजार एकड़ जमीन पर खेती हो रही है। यहां माफिया ने जंगल काटकर खेत तैयार कर लिए हैं। करीब 4 साल से फसलों की बोनी की जा रही है। इससे पहले भी कार्रवाई के लिए दबिश दी गई थी। इस दौरान अतिक्रमणकारी हमलावर हो गए। इसी महीने कार्रवाई के दौरान दो वनकर्मी घायल हो गए थे।

#### युवक बोला-पुराने अतिक्रमण पर भी एक्शन हो

मौके पर कलेक्टर अनूप सिंह, एसपी मनोज कुमार राय भी पहुंचे। उन्होंने जंगल में अतिक्रमण क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान नाहरमाल के रामकरण पाल ने बताया कि जहां कार्रवाई हो रही है, यह नया अतिक्रमण है। पुराने अतिक्रमण में कार्रवाई होनी चाहिए। उसने बताया कि यहां बाहरी लोग कब्जा कर रहे हैं, इसलिए स्थानीय लोगों ने भी अपने खेत बढ़ा लिए।

ये जानने के बाद कलेक्टर और एसपी पुराने क्षेत्र में पहुंचे। डीएफओ से कहा कि आधी मशीनरी पुराने क्षेत्र टाकलखेड़ा तरफ मूव करें। यहां फसलों को जेसीबी से नष्ट किया जा रहा है। अतिक्रमण प्रभावित जमीन पर मशीनों से खंती खोदकर गड्ढे किए जा रहे हैं। अधिकारियों का दावा है कि गड्ढे खोदने से जमीन टूट जाएगी। माफिया को अगली बार फसल बोवनी में दिक्कत होगी तो वे जंगल छोड़कर भाग जाएंगे।

# अरुणीश चावला रेवेन्यू सेक्रेटरी बनाए गए

**बजट से 5 हफ्ते पहले सरकार ने किया प्रशासनिक फेरबदल, बजट टीम पूरी हुई**



**नई दिल्ली.** केंद्र सरकार ने बुधवार को बजट से 5 हफ्ते पहले कार्मिक मंत्रालय ने प्रशासनिक फेरबदल किया। बिहार कैडर से 1992 बैच के IAS अफसर अरुणीश चावला को राजस्व सचिव नियुक्त किया गया है।

दिसंबर में संजय मल्होत्रा के भारतीय रिजर्व बैंक का गवर्नर नियुक्त किए जाने के बाद राजस्व सचिव का पद खाली हो गया था। चावला वर्तमान में फार्मास्यूटिकल्स सेक्रेटरी हैं। आधार प्राधिकरण के CEO अमित अग्रवाल, चावला की जगह फार्मास्यूटिकल्स सचिव होंगे। हालांकि नियमित पद पर नियुक्ति होने तक चावला संस्कृति मंत्रालय के सचिव का अतिरिक्त प्रभार संभालते रहेंगे। चावला की नियुक्ति से बजट बनाने वाली टीम भी पूरी हो गई है। बजट टीम में वित्त मंत्री, वित्त सचिव,राजस्व सचिव, व्यय सचिव, आर्थिक मामलों के सचिव, मुख्य आर्थिक सलाहकार (CEA), बजट प्रमुख, RBI के प्रतिनिधि, सीबीडीटी और सीबीआईसी चीफ शामिल होते हैं।

इन अधिकारियों के भी विभाग बदले

मणिपुर के मुख्य सचिव विनीत जोशी को हायर एजुकेशन सेक्रेटरी बनाया गया है। वे 1992 बैच के IAS अधिकारी हैं।

वर्तमान में कपड़ा सचिव रचना शाह को कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग का सचिव नियुक्त किया गया है।

### बिजली टावर टूटा, दो भाइयों समेत 4 की मौत

**सीधी.** सीधी में हाईटेंशन लाइन का 70 फीट ऊंचा टावर टूटने से 2 भाइयों समेत 4 लोगों की मौत हो गई। घटना गुरुवार दोपहर 12.30 बजे की है। टावर के ऊपर काम रहे 9 मजदूर अचानक नीचे गिर गए। 5 गंभीर घायलों को रीवा जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

सीधी जिले के जेपी नगरी पावर प्लांट से सतना तक बिजली लाइन डाली जा रही है। रामपुर नैकिन जनपद पंचायत के पटेहरा गांव में इसका काम चल रहा था। इसी दौरान ये हादसा हो गया।

हादसे में जान गंवाने वाले दोनों सगे भाइयों के साथ तीन अन्य घायल पश्चिम बंगाल के हापुड़ जिले के रहने वाले हैं। रामपुर नैकिन थाना प्रभारी सुधांशु तिवारी ने बताया कि हादसा किस वजह से हुआ ? इसकी जांच की जा रही है।

# '500 शिक्षकों को जानता हूं जो खुद पढ़ाने नहीं जाते, किराए से लोगों को लगा रखा है'

- MP के शिक्षामंत्री का बयान



**रायसेन.** मध्य प्रदेश के स्कूली शिक्षा और परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने एक चौंकाने वाला बयान देते हुए बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के अपनी ही सरकार के दावों की हवा निकाल दी। उनका कहना है कि वे खुद ऐसे 500 शिक्षकों को जानते हैं, जो खुद पढ़ाने नहीं जाते और जिन्होंने सरकारी स्कूलों में पढ़ाने के लिए भाड़े पर अन्य लोगों को रखा हुआ है। शिक्षा मंत्री इतने पर ही नहीं रूके, आगे उन्होंने कहा कि उनमें से ऐसे 100 शिक्षक तो खुद उनके ही गांव में होंगे। शिक्षामंत्री ने यह बात एक दिन पहले पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन पर रायसेन जिले में आयोजित कार्यक्रम में कही। इस कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों के बीच उदय प्रताप सिंह ने कहा, 'मैं 500 शिक्षकों को व्यक्तिगत रूप से जानता हूं, जो स्कूल नहीं जाते, और जिन्होंने लोगों को किराये से लगा रखा है। मैं उन्हें व्यक्तिगत रूप से जानता हूं। 100 तो मेरे जिले में ही होंगे।'

आगे उन्होंने कहा, 'ये चुनौतियां हैं समाज की, जिन पर हमको चिंतन मनन करना होगा। क्योंकि जब हम विपरीत बात करते है तो तालियां उसकी तरफ ज्यादा बजती हैं। हम लोग भी आंदोलनों का हिस्सा रहे और शिक्षाकर्मियों के साथ जितने धरनों पर मैं बैठा होऊंगा शायद ही कोई मध्य प्रदेश में आज की व्यवस्था से जुड़ा कोई राजनेता बैठा होगा।'

शिक्षामंत्री ने अपनी बेबसी जाहिर करते हुए कहा, 'लेकिन सबकुछ ठीक चलता रहे और उसमें से रास्ता निकलने की जो चुनौती है, वही सबसे बड़ी है। ये हमारे कर्मचारी संघ के अध्यक्ष हैं, ये वल्लभ भवन से जुड़े रहते हैं.

# विराट कोहली पर मैच फीस का 20% जुर्माना





- ऑस्ट्रेलियाई बैटर कोंस्टास को धक्का मारा था
- दोनों के बीच बहस भी हुई थी

ICC ने भारतीय खिलाड़ी विराट कोहली पर जुर्माना लगाया है। मैच रेफरी एंडी पाएक्रॉफ्ट ने कोहली की 20% मैच फीस काटी है। साथ ही एक डी-मेरिट पॉइंट भी दिया है। कोहली पर यह जुर्माना मैदान पर खराब व्यवहार के लिए लगाया गया है।

37 साल के भारतीय बल्लेबाज ने डेब्यू मैच खेल रहे 19 साल के ऑस्ट्रेलियाई ओपनर सैम कोंस्टास को धक्का मारा और बहस भी की। यह वाकया ऑस्ट्रेलियाई पारी के 10वें और 11वें ओवर के बीच हुआ। कोहली ने रेफरी के सामने सुनवाई के दौरान अपनी गलती स्वीकार ली।

एक डीमेरिट पॉइंट भी मिला

कोहली को एक डी-मेरिट पॉइंट भी दिया गया है। डी-मेरिट पॉइंट एक पेनल्टी सिस्टम है, जो खिलाड़ियों को उनके खराब व्यवहार या कोई नियम तोड़ने के लिए दिया जाता है। दो से अधिक डी-मेरिट पॉइंट होने पर खिलाड़ियों को एक से ज्यादा टेस्ट, वनडे या टी-20 मैच के लिए बैन किया जा सकता है।

#### क्या कहता है कोड ऑफ कंडक्ट का नियम

ICC कोड ऑफ कंडक्ट के मुताबिक, क्रिकेट में भले ही अनजाने में ही, लापरवाही से चलने या दौड़ने या किसी अन्य खिलाड़ी को टकराने के अलावा कंधे से कंधा मिलाकर चलने की अनुमति नहीं है। ऐसा करने पर ICC लेवल-1 का उल्लंघन माना जाता है। वहीं, अंपायर के साथ ऐसा करने पर लेवल-3 का उल्लंघन होता है।

# 17 बच्चों को मिला राष्ट्रीय बाल पुरस्कार



**नई दिल्ली.** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज राष्ट्रपति भवन में 17 बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया है। बच्चों को सात श्रेणियों में उनकी असाधारण उपलब्धियों के लिए, यह पुरस्कार प्रदान किया गया है। बाल विजेताओं में किसी ने अपनी कला और संस्कृति के क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित किया तो किसी ने अपनी बहादुरी से कई जिंदगियों को बचाया। इस वर्ष 14 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के 17 बच्चों को पुरस्कार के लिए चयन हुआ था।

#### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार क्या है?

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार की शुरुआत केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 1996 में की गई थी। राष्ट्रीय बाल पुरस्कार, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा अलग-अगल क्षेत्रों में असाधारण उपलब्धि हासिल करने वाले बच्चों को सम्मानित करने के लिए दिया जाता है। राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्राप्त होने वाले बच्चों को हर साल 26 जनवरी के अवसर पर राजपथ पर होने वाली परेड में शामिल किया जाता है।

**आम सूचना**

मैं श्रीमती रेखा मुरलीधर सचदेव सभी को सूचित कर रही हूं कि फ्लैट नं. बी-107, मारीशा को-आप हाउसिंग सोसायटी, जय बाबा धाम के सामने, उल्हासनगर-5. (टैक्स नं. 53डीआय011514100) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती माया वंशीमल धीरमलानी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 2.5.1997 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
श्रीमती रेखा मुरलीधर सचदेव

**उल्हासनगर महानगरपालिका, उल्हासनगर**

उल्हासनगर महानगरपालिका

स्वातंत्र्याचा अमृत महोत्सव

जा.क्र. उमपा/सहा.आ/प्र.स2/1043/2024
सहायक आयुक्त यांचे कार्यालय,
प्रभाग समिति क्र. 2. मोहनदास रामरख्यानी हॉल,
सपना गार्डेन जवळ, उल्हासनगर-421003.
दिनांक : 26/12/2024

**नोटीस**

(महाराष्ट्र नागरी क्षेत्र झाडांचे संरक्षण व जतन अधिनियम 1975 चे कलम 8 (3) अन्वये)

उल्हासनगर महानगरपालिका क्षेत्रात प्रभाग समिती क्र.2 चे हद्दीत खाली नमुद केलेल्या ठिकाणी वृक्ष तोडणेसाठी प्रस्ताव प्राप्त झालेला आहे. सदर ठिकाणी असणारी झाडे तोडण्यास मंजुरी मिळणेकामी प्रस्ताव वृक्ष अधिकारी तथा सहायक आयुक्त, प्रभाग समिती क्र. 2 यांनी वृक्ष प्राधिकरणाच्या सभेपुढे ठेवण्याचे योजिले आहे.

| अ.क्र. | अर्जदाराचे नांव | ठिकाण | झाडाचा तपशिल |
|---|---|---|---|
| 1 | श्याम लक्ष्मणदास पंजवानी | बॅ.क्र.726, रुम नं.3, सेंट्रल हॉस्पीटल रोड, पप्पू सोसायटी जवळ, उल्हासनगर 03 | पिंपळ जातीचे झाड |
| 2 | लक्ष्मी प्रसाद कनोजिया | सिल्वर आपर्टमेंट, सी-ब्लॉक, स्टेट बँक जवळ, उल्हासनगर-03 | सुपारी व जाभुळ जातीचे झाड |
| 3 | शिला नंदू वानखेड़े | आजादनगर, लिला किराना स्टोर जवळ, उल्हासनगर-02 | सुकलेले आंबा जातीचे झाड |
| 4 | सेवा सदन कॉलेज आर्ट्स, साइंस, कामर्स, | सेंट्रल हॉस्पीटल समोर, उल्हासनगर-03 | इंग्रजी चिंचचे झाड |
| 5 | रमेश संपत सपकाळ | ई. एस. आय.एस हॉस्पीटल जवळ, गाळा नं. 2. उल्हासनगर-03 | सुकलेले जंगली झाड |
| 6 | गुरमीत सिंह लबाना | बॅ.क्र.703 समोर, त्रिमुर्ती हॉस्पीटल समोर, उल्हानगर-3 | सुकलेले नारळाचे झाड |

उक्त नमुद केलेल्या ठिकाणी असलेले वृक्ष तोडण्यासाठी कोणत्याही इसमाची हरकत आल्यास त्यांनी आपली हरकत लेखी स्वरुपात दिनांक 01/01/2025 पूर्वी सहायक आयुक्त तथा वृक्ष अधिकारी प्रभाग समिती क्र.2 मोहनदास रामख्यायनी हॉल, सपना गार्डन जवळ, उल्हासनगर-3 या कार्यालयात सादर करावी. मुदतीत लेखी हरकत प्राप्त झाल्यास संबधितास सुनावणी देऊन अंतिम निर्णय घेतला जाईल, विहित मुदतीत हरकत प्राप्त न झाल्यास प्रस्तुत प्रकरणी गुणवत्तेवर निर्णय घेण्यात येईल, याची नोंद घ्यावी.

जा.क्र. उपमा /पीआरओ/473/2024.
दिनांक 26/12/2024

सही/-
**(मनिष हिवरे)**
सहायक आयुक्त
प्रभाग समिती क्र.2
उल्हासनगर महानगरपालिका

## संक्षेप...

### प्रतिबंधित गुटखा समेत 11 लाख का माल जब्त

**भिवंडी.** भोईवाडा पुलिस ने अवैध गुटखे की तस्करी पर कार्रवाई के दौरान कारीवली पुलिस चौकी के पास एक टेम्पो से 8.42 लाख रुपये मूल्य का प्रतिबंधित गुटखा और 3 लाख रुपये मूल्य का टाटा इंट्रा वाहन जब्त करने में कामयाबी हासिल की है. जब्त सामान की कुल कीमत 11.42 लाख रुपये बताई जा रही है. पुलिस ने 2 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर भाईंदर निवासी टेम्पो चालक त्रिभुवन मौर्य (39) को गिरफ्तार किया गैबी नगर निवासी फुरखान शेख उर्फ बाबा फरार बताया जाता है.

# विनोद कांबली की मदद को आगे आए DCM एकनाथ शिंदे

■ **इलाज के लिए दिए 5 लाख रुपए**

**ठाणे.** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की ओर से भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व बल्लेबाज विनोद कांबली को 5 लाख रुपए की निजी सहायता देने की घोषणा की गई है। कांबली 90 के दशक के स्टाइलिश बाएं हाथ के बल्लेबाज रहे हैं। फिलहाल उनकी स्वास्थ्य स्थिति ठीक नहीं है और उनको ठाणे (भिवंडी) के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को जैसे ही कांबली के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी मिली, उनके आदेशानुसार उनके ओएसडी मंगेश चिवटे ने उनसे मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने अस्पताल के डॉक्टरों से कांबली के लिए सर्वोत्तम इलाज सुनिश्चित करने का अनुरोध भी किया।

विनोद कांबली पिछले कुछ दिनों से बीमार हैं। चिवटे के अनुसार, कुछ दिन पहले अस्पताल के डॉक्टरों की एक टीम कांबली के स्वास्थ्य की जानकारी लेने के लिए बांद्रा स्थित उनके आवास पर गई थी। उस समय उन्होंने कांबली के परिवार से मुलाकात की और उन्हें सलाह दी कि यदि संभव हो तो उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया जाए। इसके बाद कांबली के परिवार ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया।



महाराष्ट्र के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने विनोद कांबली से की मुलाकात.

वहीं, क्रिकेटर विनोद कांबली की मौजूदा स्थिति को देखते हुए कल्याण लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्रीकांत शिंदे ने कांबली को 5 लाख रुपए की निजी सहायता देने की घोषणा की है। यह मदद श्रीकांत शिंदे की फाउंडेशन के माध्यम से की जाएगी। यह सहायता अगले सप्ताह प्रदान की जाएगी तथा सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे आने वाले दिनों में भारत के पूर्व आक्रामक बल्लेबाज को और सहायता प्रदान करते रहेंगे। अस्पताल में डॉक्टरों की एक टीम कांबली का इलाज कर रही है।

हाल में ही कांबली अपने कोच रमाकांत आचरेकर से जुड़े एक कार्यक्रम में शामिल हुए थे जहां सचिन तेंदुलकर ने भी शिरकत की थी। सचिन और कांबली ने बचपन में एक साथ क्रिकेट का पाठ रमाकांत आचरेकर के मार्गदर्शन में सीखा था। दोनों ही क्रिकेटर लंबे समय से एक दूसरे के दोस्त हैं और भारतीय क्रिकेट में सचिन-कांबली की दोस्ती के कई किस्से मशहूर हैं। हालांकि कांबली ने कुछ मौकों पर सचिन की यह कहकर भी आलोचना की थी कि मास्टर ब्लास्टर चाहते तो उनको खराब स्थिति से बाहर निकाल सकते थे, लेकिन सचिन ने इसके लिए खास प्रयास नहीं किए। इन उतार-चढ़ाव के बावजूद भी दोनों क्रिकेटरों की दोस्ती फिर से पटरी पर आ गई थी। लेकिन मौजूदा समय में कांबली वित्तीय और स्वास्थ्य संकट से जूझ रहे हैं।

### वसई में कार ने 6 साल के बच्चे को कुचल दिया

**वसई.** वसई में एक कार ने 6 साल के बच्चे को कुचल दिया और वह घायल हो गया. सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है कि कार बच्चे को टक्कर मारती है, उसे घसीटती है और फिर पिछले पहिये से उसे कुचल देती है. मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस चालक की तलाश कर रही है. वसई पूर्व के वालिव में नाइपाड़ा गांव के सीसीटीवी फुटेज में एक कार (देखने से एक कैब लग रही है) एक गेट और कूड़े के दो ढेर के पास रुकी हुई दिखाई दे रही है. ड्राइवर अंदर बैठा हुआ है, जबकि एक आदमी पीछे की सीट से उतर जाता है और दूसरा आगे की सीट पर बैठ जाता है.

# भिवंडी में पानी चोरों की अब खैर नहीं...!

■ **जलापूर्ति विभाग हुआ सख्त**

■ **3 आरोपियों पर पुलिस में दाखिल कराया मामला**

**उल्हास विकास संवाददाता**



**भिवंडी.** मनपा जलापूर्ति विभाग कार्यकारी अभियंता संदीप पटनावर ने पानी चोरी में लिप्त माफियाओं पर पुलिस में आपराधिक मामला दाखिल कराने का सख्त निर्देश वाटर टास्क फोर्स को दिया है. वाटर टास्क फोर्स ने नारपोली क्षेत्र में 3 स्थानों पर छापेमारी कर 3 आरोपियों के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज कराया है.जलापूर्ति विभाग के सख्त रवैए से पानी चोरी में लिप्त लोगों में हड़कंप मच गया है.

मिली जानकारी के अनुसार, नारपोली स्थित अजंठा कंपाउंड में शहजादे खान ने मनपा जलापूर्ति विभाग की बगैर मंजूरी जल वाहिनी में छिद्र कर पाइप द्वारा पानी को टैंकर में भरकर कामर्शियल उपयोग के लिए चोरी से डाइंग और सायजिंग कंपनियों को बेच कर पैसा कमाने में जुटे थे. इसी तरह अजंठा कंपाउंड में ही सलामत खान ने मनपा की पानी पाइप में छिद्र कर पानी को इकट्ठा आर्थिक फायदे के लिए टैंकर में भरकर बेच रहे थे.पानी चोरी के तीसरे मामले में अजंता कंपाउंड में ही मुख्तार शेख ने बिना अनुमति के पाइप लाइन में आधे इंच की अवैध पाइपलाइन जोड़कर सर्विस सेंटर के लिए पानी का इस्तेमाल कर लाखों रुपए के मनपा वाटर टैक्स का नुकसान किया है.तीनों मामलों में भोईवाडा पुलिस स्टेशन में भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 324(4), 326(क) और 303(2) के तहत पानी चोरी का आपराधिक प्रकरण दर्ज किया गया है.उक्त कार्यवाही प्रशासक और आयुक्त अजय वैद्य के आदेश पर कार्यकारी अभियंता संदीप पटनावर के मार्गदर्शन में उप अभियंता सरफराज अंसारी और टीम प्रमुख विराज भोईर की देखरेख में अंजाम दी गई.

### पानी चोरी अक्षम्य अपराध

मनपा जलापूर्ति प्रभारी कार्यकारी अभियंता संदीप पटनावर ने शहर वासियों से अपील की है कि, मनपा जलापूर्ति विभाग से मंजूरी लेकर ही वैध नल कनेक्शन लेना चाहिए.पानी चोरी कदापि बर्दाश्त नहीं की जाएगी. पानी चोरी अक्षम्य अपराध है. मनपा राजस्व का नुकसान नहीं करें.पानी चोरी में लिप्त पाए जाने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी.

### मुकुंद केनी प्रतिष्ठान की ओर से चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

**ठाणे.** कलवा में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मुकुंद केनी फाउंडेशन द्वारा आयोजित भव्य चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन पूर्व विपक्षी दल नेता प्रमिलाताई मुकुंद केनी एवं मंदार मुकुंद केनी के मार्गदर्शन में 25 दिसंबर को क्रिसमस के अवसर पर इस वर्ष 15वां वर्ष है और इस प्रतियोगिता में 10वीं कक्षा तक के शिशुओं के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन न्यू इंग्लिश स्कूल कलवा में किया गया था कलवा विटवा खारीगांव क्षेत्र के 850 से अधिक छात्रों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया और इस पेंटिंग प्रतियोगिता के लिए उन्हें विभिन्न विषय दिए गए, राष्ट्रवादी शरद पवार पक्ष ठाणे शहर अध्यक्ष सुहास देसाई व उपाध्यक्ष प्रकाश पाटिल उपस्थित थे।

# 9 करोड़ की लेम्बोर्गिनी भी सेफ नहीं

■ **मुंबई की सड़क पर अचानक लगी आग, हो गई स्वाहा!**



**मुंबई.** मुंबई में 25 दिसंबर यानी क्रिसमस के मौके पर देर रात एक लग्जरी कार लेम्बोर्गिनी में आग लग गई। यह घटना कोस्टल रोड पर रात करीब 10:20 बजे हुई। लेम्बोर्गिनी रेवुल्टो लग्जरी कार से धुआं निकलता देखा गया। इस वीडियो को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर रेमंड ग्रुप के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर गौतम सिंघानिया ने शेयर किया है। वीडियो में ऑरेंज कलर की लेम्बोर्गिनी रेवुएल्टो में आग लगी हुई दिखाई दे रही है। जबकि एक व्यक्ति हौजपाइप से आग बुझाने की कोशिश कर रहा है। दमकल की मदद से 45 मिनट में आग पर काबू पा लिया गया। इस कार की एक्स-शोरूम कीमत 8.89 करोड़ रुपए है। सिंघानिया ने लेम्बोर्गिनी की लग्जरी कारों के बारे में सुरक्षा संबंधी चिंताएं उठाने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स का सहारा लिया। उन्होंने लिखा, ₹इस तरह की घटनाएं लेम्बोर्गिनी की विश्वसनीयता और सुरक्षा मानकों के बारे में गंभीर चिंताएं पैदा करती हैं। कीमत और प्रतिष्ठा के लिए, कोई भी समझौता न करने वाली क्वालिटी की उम्मीद करता है, ना कि इस तरह के संभावित खतरों की।₹ अपने शानदार कार कलेक्शन के लिए जाने जाने वाले सिंघानिया ने पहले भी इसी मॉडल की टेस्ट ड्राइव के दौरान चिंताएं जताई थीं।

अक्टूबर 2024 में सिंघानिया ने लेम्बोर्गिनी रेवुल्टो चलाने का अपना एक्सपीरियंस शेयर किया था। उन्होंने कहा कि उन्होंने मुंबई के ट्रांस-हाबर लिंक रोड पर हुई घटना को उजागर करने से 15 दिन पहले ही इस सुपरकार की डिलीवरी ली थी।

# भिवंडी मनपा द्वारा आयोजित त्वरित समाधान शिविर को भारी प्रतिसाद

■ **शिकायत का समाधान पाकर खुश हुए लोग**

**उल्हास विकास संवाददाता**



**भिवंडी.** केंद्र सरकार के 'प्रशासन गांव की ओर' अभियान के तहत 19 से 24 दिसंबर 2024 तक पूरे देश में सुशासन सप्ताह मनाया गया. शासन के निर्देशानुसार, भिवंडी मनपा कर्तव्य दक्ष अपर आयुक्त विट्ठल डाके की अध्यक्षता में नागरिकों की शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए विशेष शिविर मुख्यालय स्थित कांफ्रेंस हाल में संपन्न हुआ.शिविर के दौरान नागरिकों ने अपनी विभिन्न शिकायतें और समस्याएं अपर आयुक्त डाके एवं तमाम मौजूद अधिकारी वर्ग के समक्ष दर्ज कराईं.नागरिकों की तमाम समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के लिए अपर आयुक्त विट्ठल डाके ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए.शासन द्वारा निर्देशित समस्या निवारण की महत्वपूर्ण बैठक में भिवंडी मनपा उपायुक्त (मुख्यालय) रोहिदास दोरुलकर, प्र.उपायुक्त (समाज कल्याण) प्रणाली घोंगे,शहर अभियंता जमील पटेल, अपर शहर अभियंता सचिन नाईक, प्र.जलापूर्ति अभियंता संदीप पटनावर, सहायक आयुक्त नितीन पाटील, विधि अधिकारी अनिल प्रधान सहित अन्य विभागों के संबंधित अधिकारी उपस्थित थे.मनपा प्रशासन द्वारा नागरिकों की शिकायतों पर गंभीरता से ध्यान देकर फौरन जरूरी कदम उठाकर समाधान हेतु लिए गए निर्णय से शहरवासियों में खुशी फैली है.

### EVM पर आरोप लगाना गलत - सुप्रिया सुले

**मुंबई.** सुप्रिया सुले ने कहा, "ईवीएम में गड़बड़ी का पूरा मामला बहुत ही परेशान करने वाला है. इसमें क्या तकनीकी समस्या है या वोटर लिस्ट में कोई गड़बड़ी है, इसपर चर्चा करने की जरूरत है. जब तक हमारे हाथ टेक्निकल सबूत नहीं आते हैं, तब तक EVM पर आरोप लगाना ठीक नहीं है क्योंकि इसी ईवीएम से मैं खुद 4 बार चुनाव जीत चुकी हूं."

सांसद सुप्रिया सुले ने ये भी कहा, "यह मेरा व्यक्तिगत विचार है कि युगेंद्र पवार (बारामती विधानसभा से हारने वाले उम्मीदवार) को वोटों की रिकाउंटिंग के लिए नहीं कहना चाहिए. इसलिए, मैंने उनसे रिकाउंटिंग के लिए आवेदन वापस लेने के लिए कहा और उन्होंने ऐसा किया है. जब मैं चार बार ईवीएम से वोट करके निर्वाचित हुई तो मैं कैसे कह सकती हूं कि इसमें गड़बड़ी हुई है.

**एसएसटी महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा बदलापुर के पास स्थित**

# राहटोली गांव में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन







**उल्हासनगर.** एसएसटी महाविद्यालय, उल्हासनगर की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई, जीवन फाउंडेशन, आरोग्य योगा एंड नेचरोपैथी इंस्टीट्यूट, बदलापुर और रोटरी क्लब इंडस्ट्रियल एरिया, बदलापुर के संयुक्त तत्वावधान में ग्रुप ग्राम पंचायत, राहटोली, बदलापुर में एक भव्य स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य जांच सेवाएं प्रदान की गईं, जिनमें दंत चिकित्सा, नेत्र जांच और चश्मा वितरण, महिला और बाल चिकित्सा, तथा सामान्य चिकित्सा शामिल थीं।

आयोजित शिविर में रोटरी क्लब की डॉक्टरों की टीम ने सेवाएं दीं, जबकि एसएसटी महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने जांभिलघर, उमरोली और राहटोली गांवों में घर-घर जाकर जनजागरूकता अभियान चलाया। साथ ही, पथनाट्य के माध्यम से ग्रामीणों को शिविर के बारे में जानकारी दी गई।

इस कार्यक्रम का सफल आयोजन एसएसटी महाविद्यालय के उप-प्राचार्य और एनएसएस ठाणे जिला समन्वयक प्रो. जीवन विचारे, कार्यक्रम अधिकारी प्रो. योगेश पाटिल, प्रो. मयूर माथुर, डॉ. सुवर्णा अहिरे, प्रो. दीपाली चव्हाण और प्रो. नेहा तेलानी ने स्वयंसेवकों के साथ मिलकर किया। यह शिविर महाविद्यालय के संस्थापक प्राचार्य डॉ. पुरस्वानी और आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. खुशबू पुरस्वानी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया था।इस शिविर के माध्यम से स्थानीय समुदाय को उत्तम स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिला, साथ ही स्वास्थ्य संबंधी जानकारी और मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

### PPFAS म्यूचुल फंड द्वारा 35 लाख का हॉस्पिटल उपकरण दान



**भिवंडी.** भिवंडी तालुका के मरीजों की निःशुल्क उपचार की उत्कृष्ट सुविधा हेतु पीपीएफएएस म्यूचुअल फंड द्वारा बृजेश्वरी स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य सेंटर को करीब 35 लाख रुपये का हस्पिटल उपकरण,जरूरी मशीन उपलब्ध कराई गई. उक्त अवसर पर रोहन घुरे (सीईओ ठाणे जिला परिषद), गंगाधर परघे (डीएचओ जिला परिषद),एमएस प्रिया हरियाणी.(मुख्य अनुपालन अधिकारी) सहित एमएस संजना जाधव(मानव संसाधन प्रबंधक पीपीएफएएस म्यूचुअल फंड) एमएस द्विति मेहता( (मेकंग द डिफरेंस वैरिबल ट्रस्ट) सहित अन्य गणमान्य पदाधिकारी उपस्थित थे. गौरतलब है कि, मेकिंग द डिफरेंस के प्रोजेक्ट 'संजीवनी' अंतर्गत अन्य कई स्वास्थ्य केंद्रों पर मरीजों की उपचार सुविधा की खातिर अस्पताल की डिमांड के अनुसार जरूरी मेडिकल सामान व उपकरण उपलब्ध कराया जा चुका है.मेकिंग द डिफरेंस चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं संस्थापक दीपक विश्वकर्मा ने बताया कि, ट्रस्ट के माध्यम से स्वास्थ्य उपचार की बेहतरी के लिए अस्पतालों में जाकर जरूरी मदद मुहैया कराई जा रही है.

### 'परोपकार' द्वारा जरूरतमंदों को अनाज किट वितरण

स्थापना 1998 परोपकार मुंबई (पंजी) (साहित्यिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्थान)

**भिवंडी.** 'परोपकार' साहित्यिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था द्वारा मकर संक्रांति के पावन मौके पर भिवंडी पश्चिम भाजपा विधायक महेश प्रभाकर चौगुले की गरिमामई उपस्थिति में पद्मा नगर स्थित अखिल पद्मशाली समाज सांस्कृतिक भवन में नववर्ष 5 जनवरी को गरीब, असहाय, जरूरतमंद परिवारों के लिए अनाज किट वितरण किया जाएगा. उक्त जानकारी देते हुए 'परोपकार' संस्था ठाणे- भिवंडी समिति अध्यक्ष मनोज दुढाणी ने बताया कि, नववर्ष में मकर संक्रांति पर्व के औचित्य पर 5 जनवरी शाम 4 से 6 बजे तक पद्मा नगर स्थित अखिल पद्मशाली समाज सभागृह में करीब 700 जरूरतमंद परिवारों को अनाज किट वितरण किया जाएगा. अनाज वितरण कार्यक्रम में भिवंडी पश्चिम भाजपा विधायक महेश चौगुले, 'परोपकार' संस्था के अध्यक्ष रामकिशोर दरक की गरिमामई मौजूदगी में होने जा रहे सामाजिक कार्यक्रम में संस्था के तमाम गणमान्य पदाधिकारी,सदस्य मौजूद रहेंगे.

स्वच्छ भारत एक कदम स्वच्छता की ओर

अंबरनाथ नगरपरिषद, अंबरनाथ

स्वातंत्र्याचा अमृत महोत्सव

जा.क्र.अंनप/बांधकाम विभाग/२०२४-२५/235 दि. 26/12/२०२४

**ई- निविदा सुचना क्र. सन 2024-25**

मुख्याधिकारी, अंबरनाथ नगरपरिषद, बांधकाम विभागा अंतर्गत अंबरनाथ शहरातील विकास आराखड्यातील डि. पी. रस्त्याचे सर्वेक्षण करणे रोडची हद्द मोजमाप करुन डिमार्केशन करणेबाबत, या कामासाठी इच्छुक, अनुभवी, अर्हता प्राप्त व 'शासकीय नोंदणीकृत संस्थेमार्फत व त्यावरील नोंदणीकृत कंत्राटदारांकडुन खालील कामाकरीता बी-१ नमुन्यातील ई-निविदा प्रणालीव्दारे (ऑनलाईन) निविदा मागवित आहेत. निविदा कागदपत्रे शासनाचे संकेतस्थळ https://mahatenders.gov.in येथुन डाऊनलोड करण्यात यावीत. सदर निविदा संच विक्री व स्विकृती कालावधी दि.३०/१२/२०२४ ते दुपारी १२.०० ते दि. १३/०१/२०२५ दु. ३.०० पर्यंत आहे. व सदर निविदा शक्य झाल्यास दि.१४/०१/२०२५ रोजी दुपारी ४.०० नंतर उघडण्यात येतील. निविदेसोबतचा सविस्तर तपशिल https://mahatenders.gov.in यावर उपलब्ध आहे.

सही/-
**(अभिषेक पराडकर)**
मुख्याधिकारी,
अंबरनाथ नगरपरिषद

STAFF REQUIRED

SINDHI MALE

Qualification B.COM PASSED For ACCOUNTANT

&

For SALESMAN Qualification- 10TH PASSED

CONTACT :
MR. RAJESH
Mob. No. : 9307579475

# नई पीढ़ी कॉन्फिडेंस के साथ काम करती है : अतुल कुलकर्णी



एक्टर अतुल कुलकर्णी इन दिनों वेब सीरीज 'बंदिश बैंडिट्स' के सीजन 2 में नजर आ रहे हैं। इस सीरीज में उनके अलावा ऋत्विक भौमिक, तमन्ना शर्मा, यशस्विनी दयामा, रोहन गुरबक्सानी जैसे कई उभरते एक्टर्स भी शामिल हैं।

हाल ही में खास बातचीत में अतुल ने नई पीढ़ी के एक्टर्स के साथ काम करने के अनुभव पर बात की। साथ ही उन्होंने बताया कि सीजन 1 को कोरोना के कारण ठीक से प्रमोट नहीं किया जा सका। हालांकि, अब सीजन 2 के प्रमोशन में काफी दिलचस्पी है।

अतुल ने बताया, 'चार साल पहले, कोरोना की वजह से सीजन 1 को हम अच्छे से प्रमोट नहीं कर पाए थे। लेकिन अब सीजन 2 के साथ हम इस पूरे प्रोसेस को एन्जॉय कर रहे हैं। मुझे लगता है कि हम जब नाटक करते थे, तब भी ऐसा ही होता था, हम दिन में 11-12 शो कर लेते थे। आज हम उसी तरह से प्रमोट भी कर रहे हैं। मुझे बहुत खुशी होती है जब अपना काम लोगों तक पहुंचता है। इस दौरान यह बताने का मौका मिलता है कि मैंने कितनी मेहनत की है और किस तरह से तैयारी की है। यह वो प्रोसेस है जिसे मैं हमेशा एन्जॉय करता हूं।'

एक्टर ने आगे यह भी कहा कि आजकल की यंग जेनरेशन बहुत स्मार्ट है। उन्होंने बताया, 'नई पीढ़ी हमसे कहीं ज्यादा जानती है और उनमें कॉन्फिडेंस है। वो बहुत जल्दी काम को कर जाते हैं, जो हमें शुरूआत में बहुत मुश्किल लगता था। हमारी जेनरेशन में 'इंफीरियॉरिटी कॉम्प्लेक्स' था। जबकि यंग जेनरेशन में जो 'इक्वलिटी कॉम्प्लेक्स' है, वो बहुत जरुरी है। हमारे समय में बड़ों के सामने हमेशा खड़े होकर बात करने का तरीका था, लेकिन अब नई पीढ़ी अपनी सोच और कॉन्फिडेंस के साथ काम करती है। अगर सीखना है तो हमेशा यंग जेनरेशन से ही सीखना चाहिए।'

उल्हास वि NEWS LIVE FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com Google Play

उल्हास वि NEWS GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play

Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel उल्हास वि NEWS Subscribe



Late Shri. ASHOK U. BODHA 18-02-1945 to 19-12-2017

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक

उल्हास विकास

सब पे नजर, सबकी खबर Since 1985

www.ulhasvikas.com epaper.ulhasvikas.com

Chief Editor Hero Ashok Bodha L.L.B., BMM, MA (PS)

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099